संक्षेप

## युवक की मौत को लेकर परिवार पर हत्या की आशंका, केस दर्ज

प्रतापगढ़। रिश्तेदारी आये गैरजिले के युवक की गोली लगने से मौत को लेकर पुलिस ने सोमवार की रात हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव में दो अक्टूबर को पड़ोसी जिले कौशाम्बी के मंझनपुर थाना के वमनपुरवा मजरे ऊनो निवासी शौर्य पाण्डेय पुत्र स्व0 सूर्यप्रकाश पाण्डेय नंदलाल तिवारी के घर आया था। मृतक का नंदलाल के यहां रिश्ता था। तीन अक्टूबर की भोर में मृतक शौर्य को नंदलाल के घर लाइसेंसी बंदूक से गोली लग गयी। रिश्तेदार आननफानन में उसे इलाज के लिए प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित वत्सल हास्पिटल ले गये। घटना की रात ही अस्पताल में शौर्य की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना को लेकर हत्या का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा।

## सुपरवाइजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

प्रतापगढ़। कंपनी के सुपर वाइजर द्वारा दो सौ बयासी बैग मुगीर्दाना को किसानों के नाम पर धोखाधड़ी तथा बेईमानी से गबन को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज एबिस एक्सपोर्ट इण्डिया प्रा0लि0 शाखा के प्रबन्धक भूपेन्द्र सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अगस्त से इक्तीस अगस्त के बीच कंपनी में सुपरवाइजर बाघराय थाने के कोडराजीत निवासी अजय कुमार यादव पुत्र जयराम दो सौ बयासी बैग मुगीर्दाना किसानों को देने के लिए ले गये। आरोपी द्वारा इसे किसानों को न देकर गबन कर लिया गया। किसानों द्वारा मुगीर्दाना का बैग उन्हें न मिलने पर जानकारी देने पर शाखा में हडकंप मच गया। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुपरवाइजर अजय यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

## गड्ढे में मिला लड़की का शव

बलरामपुर। बलरामपुर जिले के रेहरा बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक खेत के किनारे गड्ढे में 17 वर्षीय एक लड़की का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जाँच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सड़कहिया गाँव के निवासी हरि प्रसाद विश्वकर्मा की बेटी रेशमी (17) सोमवार देर शाम शौच के लिए घर से निकली थी। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मंगलवार को उसका शव एक खेत के किनारे गड्ढे में मिला।

रेहरा बाजार थाने के प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अंपायरों ने मैच किया रद्द

बाराबंकी। स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 19वी चैधरी आसिफ अली मेमोरियल स्टेट प्राइस मनी क्रिकेट लीग 2025 का शुभारंभ यू0पी0सी0ए सेक्रेटरी अरविंद श्रीवास्तव ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। विशिष्ट अतिथि के रुप मे पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, नावेद अहमद, उन्नाव क्रिकेट एसोसिएशन सचिव पीके मिश्रा को बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन पदाधिकारियो ने बूके देकर स्वागत किया। टूॅनार्मेन्ट मे पहला मैच लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन एवं लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी के बीच में खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर लखनऊ क्रिकेट टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का सहयोग अहम

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कारागार राज्यमंत्री ने की प्रेस वार्ता




बाराबंकी। आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत संकल्प है। इसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। स्वदेशी का तात्पर्य भारतीय वस्तुओं की खरीद और उत्पादन से एवं स्वभाषा का तात्पर्य भारतीय भाषा और ज्ञान प्रणालियों से है। जबकि स्वभूषा का तात्पर्य भारतीय विरासत, डिजाइन एवं सौंदर्यशाला से है। हमारी शक्ति, संस्कृति और उद्योग कुशलता भारत को आत्मनिर्भरता की ऊंचाइयों पर ले जाएगी। और तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। उक्त उद्गार जिला पंचायत सभागार मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता मे कारागार राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने मीड़िया से रुबरु होते हुये व्यक्त किये। प्रभारी मंत्री ने आगे बताया कि अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा 25 सितंबर से प्रारंभ 25 दिसंबर अटल जयंती तक चलायेगी। पीएम नरेंद्र मोदी मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को गति दे रहे हैं। हमारा योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, स्वदेशी खादी, परंपरागत उद्योग आज वैश्विक पहचान बना चुके हैं। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, एससी एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत, राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, मीड़िया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, नवीन राठौर, संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

## पास्को एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। जिले की थाना शिवनगर डिडई पुलिस ने बलात्कार के एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायायल भेजा गया, डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में, मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई पुलिस टीम ने 07. अक्टूबर को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 95/2025, धारा 64(2)(ड), 351(3) इठर व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को करही चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## एससी /एसटी एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त गिरफ्तार

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा बलात्कार के एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायायल भेजा गया। डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार के नेतृत्व मे थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा 07.अकटूबर मु0अ0सं0 161/2025 धारा 87/64(2)(ट) बी0एन0एस0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को टैक्सी स्टैंड मोहल्ला परती बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण की।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती पर हुआ पूजन- अर्चन




प्रतापगढ़। रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गयी। नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा सांगीपुर वार्ड के चतुर्भुजी देवी धाम में हुए सामूहिक सुन्दरकाण्ड तथा हवन पूजन व भजन संकीर्तन में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने श्रीराम दरबार व महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर तिलक अभिषेक एवं माल्यार्पण कर किया। प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में देवी धाम प्रांगण में भजन गायक राजेश शुक्ला के दल द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड की सुमधुर प्रस्तुति दी गयी। हवन पूजन में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने लोकमंगल की प्रार्थना की। उन्होने कहा कि महर्षि बाल्मीकि मानवता तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की प्रेरणा को लेकर रामायण की रचना की। ईओ इन्द्र प्रताप ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी महर्षि बाल्मीकि के संस्मरणों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्वागत अनिकेत दुबे तथा आभार प्रदर्शन अरविंद मिश्र रिंकू ने किया। इस मौके पर विकास तिवारी, रोहित मिश्र, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय, शास्त्री सौरभ आदि रहे। वहीं तहसील परिसर स्थित श्रीमर्देश्वर हनुमान जी मंदिर पर भी सामूहिक सुन्दरकाण्ड के साथ हनुमान जी की भव्य आरती उतारी गयी। यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज ने महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र व मोहित मिश्र ने किया। इस मौके पर राव वीरेन्द्र सिंह, हरकेश पटेल, बृजेन्द्र पाण्डेय मण्टू, शिव कुमार गुप्ता, पंकज मिश्र, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, हेमन्त पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, अशोक मिश्र, चैतन्य मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में उन्माद की प्रदर्शित घटना देश को अस्वीकार्य : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के भीतर मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में एक आरोपी द्वारा आवांछित एवं उन्माद की प्रदर्शित घटना को निंदनीय ठहराते हुए देश के लिए इसे अस्वीकार्य कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि एक सौ पैंतालिस करोड़ भारतवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट न्यायिक आस्था एवं श्रद्धा तथा विश्वास का मंदिर है। उन्होने कहा कि न्याय के मंदिर से हर जरूरतमंद और अन्याय के खिलाफ पीड़ित आम व्यक्ति न्याय की सदैव आशा किया करता है। उन्होने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में एक व्यक्ति द्वारा नफरत का खुलेआम उन्माद प्रदर्शित करना चिंताजनक है। उन्होने साफतौर पर कहा है कि यह घृणित घटना सीधे तौर पर देश के लोकतंत्र, संविधान एवं न्यायपालिका पर गंभीर हमला है। उन्होने इस घटना को लेकर भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि सत्ता के लिए जिस प्रकार से इस समय वह धर्म के नाम पर नफरती सोच का जहर उगल रही है। उन्होने कहा कि यही कारण है कि इस बार निशाने पर न्याय का मंदिर और संविधान तथा भारत का लोकतंत्र है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महात्मा गांधी की हत्या के समय तत्कालीन देश के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहे सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा की गई टिप्पणी का भी उदाहरण दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मुताबिक सरदार पटेल ने उस समय गांधी जी की हत्या की घटना को धर्म के नाम पर नफरती सोच को जिम्मेदार करार दिया था।

## एसआई आनंद की टीम ने 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



कठेला समयमाता सिद्धार्थनगर। थाना कठेला समय माता की मिशन शक्ति टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर आनन्द कुमार ने मैं टीम के साथ चेकिंग के दौरान रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घुमने वाले 12 शोहदो/मनचलो को माफीनामा भरवा कर, चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 04 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता अभय सिंह के नेतृत्व में 07. अक्टूबर को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कठेला समय माता की मिशन शक्ति टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 04 नफर अभियुक्तगण/शोहदो को अन्तर्गत धारा 170/126/135 इ.ठ.र.र में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया तथा 12 शोहदो/मनचलो को माफीनामा भरवा कर/हिदायत मुनासिब कर परिजन को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त 01.मलखू प्रसाद पुत्र बलजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

02.सूरज पुत्र चनरजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

03. राजेन्द्र पुत्र अघारे निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

04. नीरज पुत्र चनरजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

## कथा को लेकर कलश यात्रा में भगवान की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



प्रतापगढ़। श्रीमद्भागवत कथा को लेकर सांगीपुर क्षेत्र के सुजाखर गांव में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी। अवध धाम से पधारे कथाव्यास शिवेश शास्त्री जी महराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा कथास्थल से दीवानगंज स्थित मंदिर के साथ बिजहड़ी दूधनाथ मंदिर होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं ने धार्मिक भजनों से कन्हैया का गुणगान किया। वहीं कलश यात्रा में भगवान की भव्य झांकी को भी श्रद्धालु निहारते दिखे। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्पवर्षा भी की। कलश यात्रा में हाथी घोड़ा व रथ भी आकर्षण में दिखा। कलश यात्रा का संयोजन श्यामशंकर पाण्डेय व चमेला पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्रमोद पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, पं. कैलाशपति मिश्र, अनूप त्रिपाठी, संजय मिश्र, सुधीर पाण्डेय, कुसुम, सरिता, हेमन्तनंदन, माधवशंकर, राजेश, राकेश, अखिलेश आदि रहे।

## शराब की कम्पोजिट दुकान पर बवाल, केस दर्ज

प्रतापगढ़। देशी शराब की कम्पोजिट दुकान पर उधारी शराब मांगने को लेकर सोमवार की रात उपद्रवियों ने जमकर बवाल काटा। पुलिस ने घटना में सेल्समैन की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं चारों आरोपियों को रात में ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मंगलवार को इन आरोपियों का शांतिभंग को लेकर एसडीएम कोर्ट के लिए चालान किया गया। लालगंज कोतवाली के तिनमोहड़िया बाजार में सरकारी शराब की कंजोजिट दुकान है। दुकान पर देशी शराब के साथ बीयर की बिक्री हुआ करती है। सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे दो बाइकों से चार युवक दुकान पर पहुंचे। युवकों में से एक ने सेल्समैन से उधार शराब मांगी। सेल्समैन ने मना किया तब इनमें से एक आरोपी ने लाइसेंसी पिस्टल निकाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने दुकान के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। सेल्समैन के शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। घटना के बाद दुकान के सेल्समैन प्रयागराज जिले के हण्डिया थाना के बरौत निवासी ओमप्रकाश ओझा पुत्र विजयशंकर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में लीलापुर थाने के तिना निवासी रामराज के पुत्र अखिलेश दुबे, सांगीपुर थाना के हर्षपुर निवासी बलराम मिश्र के पुत्र रवि ने व श्याम नंदन मिश्र के पुत्र नित्यानंद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रात ही में घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने फोर्स के साथ दबिश देकर चारों आरोपियों को रात में ही धर दबोचा। अज्ञात के रूप में हर्षपुर के ही मनोज यादव पुत्र शिवनाथ की भी पहचान की गयी है। अगले दिन मंगलवार को चारों आरोपियों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट भेजवाया।

## महिला सुरक्षा के लिए चला जनजागरूकता अभियान



श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा श्री सतीश कुमार शर्मा सहित अन्य क्षेत्राधिकारीगण के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति टीमों ने विभिन्न थानों के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर चौपालें आयोजित कीं। चौपालों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, लैंगिक समानता, साइबर अपराध से बचाव तथा शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीमों ने बताया कि अब महिलाओं को समस्याओं के समाधान के लिए थाने आने की आवश्यकता नहीं, बल्कि चौपाल स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। थाना इकौना की टीम ने ग्राम सोनरई, इटौझा व सलवारिया, थाना एनएमपीटी की टीम ने राजगढ़ गुलरिया, अमरेभरिया व बेल्हारघव, थाना मल्हीपुर की टीम ने कलकलवा, थाना गिलौला की टीम ने चंद्रवा, थाना नवीन मॉडर्न की टीम ने बगहा, वंश गोपाल पुरवा व कटरा तथा थाना कोतवाली भिनगा की टीम ने अमराहवा, लक्ष्मणपुर बाजार व गढ़ी में चौपालें लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। इसी प्रकार थाना सिरसिया की टीम ने ग्राम भचकाही में चौपाल लगाई, जबकि शक्ति मोबाइल टीम ने कटरा कस्बा एवं आसपास के क्षेत्रों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान से संबंधित जानकारी दी।

## सीताद्वार की पावन धरती पर कुलपति का आगमन

श्रावस्ती। महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के यशस्वी कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रविशंकर सिंह ने जनपद श्रावस्ती की ग्रामसभा टण्डवा महन्थ स्थित ह्यसीताद्वार मंदिरह्व का परिभ्रमण, अवलोकन एवं विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की। कुलपति प्रो. सिंह ने सीताद्वार धाम की आध्यात्मिक गरिमा, पौराणिक महत्ता और सांस्कृतिक वैभव को देखकर स्वयं को आश्चर्यचकित एवं आनंदित बताया। उन्होंने इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव ग्रामसभा के पूर्व प्रधान श्री अजय त्रिपाठी के समक्ष प्रस्तुत किए। पहला प्रस्ताव– मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में प्रतिवर्ष महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पर बृहद् स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाए, ताकि इस अमर काव्य की दिव्यता, नैतिकता, ज्ञानप्रकाश, और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। दूसरा प्रस्ताव– सीताद्वार झील को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास किया जाए। कुलपति प्रो. सिंह के अनुसार, यह झील आकार और विस्तार में अद्वितीय, अलौकिक एवं दुर्लभ प्राकृतिक धरोहर है, जिसकी संरक्षा, संवर्द्धन और पर्यटन विकास की दिशा में गंभीर प्रयास अपेक्षित हैं। इस अवसर पर महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त, जगतजीत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामबिहारी वाजपेयी, चौधरी रामबिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी नरेन्द्र जायसवाल, अर्चना बाजपेयी, डॉ. रमेश मिश्र, एवं भगवती हॉस्पिटल इकौना के व्यवस्थापक शिवकुमार पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, साहित्यप्रेमी, और धमार्नुरागी जन उपस्थित रहे। सीताद्वार धाम पर संपन्न यह आध्यात्मिक अनुष्ठान न केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक रहा, बल्कि संस्कृति-संवर्द्धन, परंपरा-पालन, और भारतीय आदर्शों के संरक्षण का भी सशक्त संदेश देता है।

## चार बच्चों समेत यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की पत्नी गिरफ्तार

शामली। शामली जिले में पुलिस ने चार बच्चों समेत यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को यमुना नदी से एक व्यक्ति और उसकी बेटी के शव बरामद किए, जबकि उसके अन्य तीन बच्चों की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस को यमुना नदी में तलाशी के दौरान सलमान (38) और उसकी 12 वर्षीय बेटी महक के शव मिले थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने मृतक सलमान के पिता शफीक की शिकायत के आधार पर उसकी पत्नी खुशनुमा और उसके प्रेमी साबिर समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तलाशी के दौरान मृतक की पत्नी खुशनुमा और उसके प्रेमी साबिर को आज गिरफ्तार कर लिया गया। सलमान तीन अक्टूबर को अपने चार बच्चों के साथ यमुना नदी में कूद गया था, क्योंकि उसकी पत्नी अपने बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी।

## स्वदेशी संकल्प से सशक्त होता आत्मनिर्भर भारत



भिनगा श्रावस्ती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी विजन है कि हम ह्यचिप से लेकर शिप तक सबकुछ भारत में ही निर्मित करें। इसी भाव को मूर्त रूप देने हेतु भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भिनगा में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्व के अन्तर्गत एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा जी ने जनपद वासियों से आगामी त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम स्थानीय उत्पादों को अपनाएँगे तो न केवल लोकल उद्यमियों की आय दुगुनी होगी, बल्कि जनपद भी आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, पूर्व अध्यक्ष संजय कैराती पटेल, नि. अध्यक्ष प्रकाश त्रिपाठी जी, जिला मंत्री अरुण पांडेय जी, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी जी, ब्लॉक प्रमुख सिरसिया अमित सिंह जी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मूल संदेश रहा कि प्रधानमंत्री जी के ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना ही सच्ची राष्ट्रसेवा का सर्वोत्तम मार्ग है।

# 4 वांछित 27 वारंटी समेत 31 अभियुक्त गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर। जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने कुल 31 अभियुक्तों को दबिश के दौरान गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।पुलिस ने वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के सम्बंधित सभी थानों की पुलिस ने अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 04 वांछित व 27 वारण्टी कुल 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के आदेश के क्रम में वाछिंत/पुरस्कार घोषित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में 05/06.10.2025 को जनपदीय पुलिस बल ने 27 वारण्टी व 04 वांछित अभियुक्तों सहित कुल 31 अभियुक्त की गिरफ्तारी कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है। विदित हो पुलिस के अनुसार

01.विक्रम पुत्र गंगाराम साकिन बंजरहा बुजुर्ग थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, वाद सं0 1170/2016 धारा 323/325/504/506/427 भादवि0। 02.गाउद उर्फ उमर पुत्र कल्लू उर्फ रहमतुल्लाह साकिन डफालीपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, फौ0वाद संख्या 1745/06 धारा 504,506 भा0द0वि0। 03.मंगरे उर्फ अहमद हुसैन पुत्र कल्लू उर्फ रहमतुल्लाह साकिन डफालीपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, फौ0वाद संख्या 1745/06 धारा 504,506 भा0द0वि0।

04.राजेश सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह साकिन डफालीपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, फौ0वाद संख्या 1745/06 धारा 504,506 भा0द0वि0।

05.आकाश पुत्र रामसेवक शर्मा साकिन सूर्यकुडिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, फौ0वाद संख्या 29132/23 धारा 60 आबकारी अधि0। 06.ओमकार पुत्र राममिलन पासी साकिन शास्तीनगर बगहवा कोमर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर (वाद संख्या 842/09 धारा 323, 504, 325 भादवि।

07.सुखदेव पुत्र रामलोचन साकिन रैनाजोत थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर (वाद संख्या 3358/20 धारा 323, 504, 325 भादवि। आदि अभियुक्त गिरफ्तार हुए।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भक्ति का उमंग



श्रावस्ती। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर श्रावस्ती जनपद में आस्था, संस्कार, भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जिले के सभी राम-सीता, हनुमान और वाल्मीकि मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, पूजन-अर्चन, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत टंडवा महंत स्थित सीताद्वार मंदिर में हुआ, जहाँ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा के समक्ष नमन करते हुए कहा कि रामायण महाकाव्य भारतीय जनमानस की जीवनरेखा है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने साहित्य, नीति, धर्म, न्याय और सत्य के संदेश से मानवता को अमर मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने बताया कि जिलेभर के मंदिरों में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ चल रहा है, जिससे मानव मूल्य, सामाजिक एकता, और राष्ट्रीय संस्कार पुनः जागृत हो रहे हैं। कार्यक्रम में संस्कृति एवं सूचना विभाग के कलाकार शाहिद रजा ने भगवान श्रीराम के भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को राममय बना दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार, सहायक पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी इकौना, जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी सहित भारी संख्या में भक्तों व श्रद्धालुओं का जनसैलाब उपस्थित रहा।

## युवक की हत्या, पांच हिरासत में

श्रावस्ती। थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के ग्राम बेलहा राघव में सोमवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां 35 वर्षीय युवक राजकुमार दुबे पुत्र निरहा दुबे की हत्या कर दी गई। पीड़ित के पिता निरहा दुबे ने थाने में सूचना दी थी कि उनके पुत्र का गांव के ही कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है तथा उसकी हत्या की आशंका है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान खेत में एक शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान राजकुमार दुबे के रूप में की, जो चोटहिल अवस्था में मृत पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती राहुल भाटी, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम और क्षेत्राधिकारी इकौना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम द्वारा स्थल का वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया। थाना नवीन मॉडर्न में मु0अ0सं0 93/2025 धारा 191(2), 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने नामजद पांच अभियुक्तों को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

संक्षेप

## देवा मेले का शुभारंभ आज

बाराबंकी। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2025 की औपचारिक शुरूआत 8 अक्टूबर को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी शाम 5 बजे शेख मुहम्मद हसन गेट पर फीता काटकर करेगी। उद्घाटन के बाद से 10 दिवसीय देवा मेला एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और ऑडिटोरियम मंच के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। तथा मेला में आने वाले जायरीन की सुविधाओं और सुरक्षा हेतु भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। सायं 5 से 7 बजे तक आडिटोरियम पर बहार सुगम संगीत प्रभाग, आकांक्षा स्टेपिंग स्टोन, बाला जी का बचपन, अरुणोदय पब्लिक स्कूल एंव रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक बिरहा कार्यक्रम सम्पन्न होगे। उक्त जानकारी देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के सचिव व अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने दी।

## भेड़िया ने बनाया बकरी को शिकार, लोगों में दहशत

पूरेडलई, बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सरायबरई मे भेड़िए ने दस्तक दे दिया है। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। गांव निवासी निर्भय रावत की बकरी को भेड़िया बीती रात को उठा ले गया। और अपना निवाला बना लिया। सुबह जब निर्भय रावत को घर पर बकरी नहीं मिली तो छानबीन करने पर गांव के बाहर बाग में बकरी मिली। जिसका पेट का आधा हिस्सा भेड़िया खा चुका था। इस आतंक से गांव में अब काफी दहशत बनी हुई है। वन अधिकारी प्रवीन तिवारी ने बताया कि ऐसी कोई घटना अभी नही हुई है। न ही भेड़िए की कोई जानकारी है बाकी जानकारी मिली है दिखवाते हैं।

## रामलीला समिति के तत्वावधान में निकली कलश यात्रा

जसवंतनगर, इटावा। नगर की रामलीला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को आगामी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा का शुभारंभ ध्वज पूजन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गोंकृसदर बाजार, छोटा चैराहा, जैन बाजार, कटरा पुख्ता होते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। समिति पदाधिकारियों में राजीव गुप्ता बबलू व अजेंद्र सिंह गौर अपनी पत्नियों सहित और राजीव माथुर अपनी पत्नी वंदना गुप्ता सहित भागवत गीता लेकर सम्मिलित हुए। कलश यात्रा के दौरान फिरोजाबाद से आयी समाज सेविका रेखा गुप्ता भी मौजूद रही।कलश यात्रा में अनिल अन्नू गुप्ता रतन पांडे व अन्य रामलीला समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।कलश यात्रा के सदर बाजार पहुंचने पर राजीव माथुर ने पटका उड़ाकर और माल्यार्पण कर कलश यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का स्वागत किया।जैन बाजार में मोना गुप्ता ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया।


## सूचना

सूचित करना है कि मेरे मुख्तारनामा पंजीकृत बही संख्या 4, जिल्द संख्या 670 के पृष्ठ 95 से 106 तक क्रमांक 10 पर दिनांक 7.1.25 को रजिस्ट्रीकृत किया गया था, वास्तव में कही खो गया है। डॉ कमला यादव निवासी-डी 4/236, विजयतखंड, गोमतीनगर, लखनऊ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विसांवा, वि.ख.-धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-07.10.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- विसांवा, विकासखंड- धनपतगंज, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक /भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक 08.10.2025 से दिनांक 14.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत विसांवा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 14.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | उमेश दूबे के घर के सामने से लवकुश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4.99 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | शिव बहादुर के घर से राकेश लाला के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 16.59 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | रामबली के घर से अशर्फी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 12.51 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट, व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- विसांवा, वि.ख.-धनपतगंज**
**जनपद-सुलतानपुर**


# सुरक्षा और स्वाभिमान बना जन आंदोलन

## मिशन शक्ति 5.0 से मजबूत हो रही महिलाओं की आवाजः डी आई जी एस चनप्पा



गोरखपुर। मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रहा है। इसके माध्यम से नारी शक्ति को आत्मरक्षा के गुर सिखा कर न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया जा रहा है बल्कि उनको संबंधित कानून की जानकारी देकर सशक्त भी किया जा रहा है। ये बातें डीआईजी रेंज गोरखपुर एस चनप्पा ने कही। वे मंगलवार की शाम बड़हलगंज के होटल सत्कार में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। डी आई जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं और समूह सत्रों में बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।सरकार का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सकें। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग सदैव तत्पर है। हर थाने में महिला हेल्प डेस्क है जहां मिशन शक्ति की प्रभारी के रूप में महिला दरोगा और सिपाही आपकी समस्याओं को सुनेंगे और उसका निराकरण करेंगे। स्कूलों में आयोजित विशेष सत्रों में छात्राओं को सिखाया गया कि विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें।खुद को कमजोर न समझें बल्कि अपनी क्षमताओं का उपयोग कर संकट का सामना करें, सरकार हर कदम पर महिलाओं के साथ है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता ने कहा योगी सरकार में महिलएं खुद को घर से लेकर सड़क तक सुरक्षित महसूस कर रही है। इस अवसर पर एस पी साउथ जितेन्द्र सिंह तोमर, थाना प्रभारी चन्द्रभान सिंह, एस एस आई कृष्ण कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी आदित्य उपाध्याय, रविकांत निगम, भाजपा नेत्री प्रिया गुप्ता आदि सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

### डीआईजी ने पटना चौकी का किया औचक निरीक्षण

बड़हलगंज मे आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम खत्म होने के बाद डीआईजी डॉ एस चनप्पा ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती पटना चौकी का निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह से डीआईजी ने कहा कि ऐसे संवेदनशील स्थानों पर पुलिस को सचेत रह कर कार्य करना है, क्योंकि अपराधी ऐसे सुनसान और संवेदनशील स्थानों पर घटना को अंजाम दे देते हैं। वहीं पटना चौकी इंचार्ज को एलर्ट रहने की बात करते हुए कहा कि हमेशा सीमा की निगरानी करना होगा, घटना कभी भी हो सकती है।

# उप गन्ना आयुक्त ने किया तूफान से प्रभावित गन्ना खेतों का निरीक्षण



चौरीचौरा, गोरखपुर। अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में उप गन्ना आयुक्त, गोरखपुर यश पाल सिंह द्वारा शाहजहांपुर के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की टीम के साथ गत 3 व 4 अक्टूबर को अत्यधिक तेज हवा और बारिश से दुष्प्रभावित गन्ना खेतों का निरीक्षण करने के लिए 7 अक्टूबर को समिति सरदारनगर के इस्लामपुर, डुमरी खुर्द, खैराबाद, शत्रुघ्नपुर आदि ग्रामों का भ्रमण किया गया। तथा मौके पर उपस्थित गन्ना कृषकों को तूफान मे गिर गए गन्ना की बंधाई करने, जल निकास,फसल सुरक्षा और गन्ना की वैज्ञानिक खेती आदि से सम्बन्धित सुझाव दिया गया। उपस्थित गन्ना कृषकों द्वारा बताया गया की तूफान मे गन्ना गिर जाने से गन्ना फसल की अत्यधिक हानि हुई है। और लगभग 30 प्रतिशत पैदावार प्रभावित हुई है।

उक्त अवसर पर शाहजहांपुर वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ. जी.एन. गुप्ता,प्रधान प्रबंधक चीनीमिल पिपराइच नव दीप शुक्ला, नोडल आई एस जी एस श्री धर दुबे, गन्ना प्रबंधक, मनोज तिवारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,सरदारनगर सतीश सिंह सचिव सरदारनगर, सुरेंद्र नाथ प्रसाद, सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ के सैकड़ों लोगों ने राजीव यादव की श्रद्धांजलि यात्रा निकाली



इटावा। नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव के आत्महत्या के मामले में 10 दिन बीत जाने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए कर्मचारी शिक्षक संघ के सैकड़ो कार्यकर्ता, पदाधिकारियों नेएसएसपी आवास से एकत्रित होकर राजीव यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने के लिए यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा में राजीव यादव के पुत्र सिद्धार्थ और पारिवारिकजन भी शामिल रहे। बीते 26 सितंबर को नगर पालिका परिषद इटावा के वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव ने यमुना नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद उनके परिवार को राजीव यादव द्वारा लिखित दो पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ था। जिसमें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, वर्तमान अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, नगर पालिका परिषद के ईओ संतोष कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्ति कर्मचारी सुनील वर्मा और अतर सिंह के ऊपर साजिश करके उनको प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने मृतक राजीव यादव के पुत्र की तहरीर के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की थी। शिक्षक कर्मचारी संगठन में आक्रोश है लगातार परिवार और अन्य संगठन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। हालांकि पुलिस ने पूर्व पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के खिलाफ 25 हजार का इनाम भी घोषित किया है और न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी करवाया है। शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आज यह श्रद्धांजलि यात्रा निकल गई। उन्होंने बताया कि हमारे कर्मचारी संगठन के प्रदेश महासचिव वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव के हत्यारों की अब तक पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे हम लोगों में काफी मायूसी है कि अब तक उनको न्याय नहीं मिल सका है और ना ही उनके परिवार के किसी व्यक्ति के लिए नौकरी की कोई बात चली। जिसका आज हम लोग एकत्रित होकर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं और अगर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी एवं हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो पूरे जिले भर के कर्मचारी संगठन काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे और हो सका तो कार्य बहिष्कार भी करेंगे। मृतक राजीव यादव के पुत्र सिद्धार्थ यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे पिता की बॉडी निकलने तक पुलिस ने तत्परता दिखाई थी। लेकिन उसके बाद इतने दिन बीत गए किसी भी आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिस कारण हम लोग परेशान हैं इसीलिए आज हम लोग एसएसपी आवास से उनकी कर्मभूमि नगर पालिका चैराहे तक श्रद्धांजलि यात्रा के माध्यम से उनकी आत्मा को शांति की प्रार्थना करेंगे।

# पोखरी गांव शीतला माता धाम पर विशाल भंडारा में उमड़े श्रद्धालु

## शारदीय नवरात्र अनुष्ठान सम्पन्न होने के बाद भंडारा आयोजित

गोला/मंझगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड गोला अन्तर्गत पोखरीगांव में अति प्राचीन शीतला माता धाम देई माता मंदिर पर शारदीय नवरात्र सप्तसती अनुष्ठान हवन-पूजन के साथ सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । भंडारे में गांव-क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पोखरीगांव की शीतला माता देई माता का अति प्राचीन मंदिर स्थित है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आचार्य ब्रह्मानंद दूबे व आचार्य ललित भूषण मिश्र की देख रेख में मंदिर पर सामुहिक रूप से सप्तसठी पाठ अनुष्ठान व हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सभी लोगों ने बढचढकर सहभागिता किया।



अनुष्ठान सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को मंदिर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया ।जिसमें गांव के महिला-पुरूष व बच्चों समेत क्षेत्रीय जनता ने बढचढकर सहभागिता करते हुएप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के सहयोगी व आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य गांव निवासी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष विनय चंद कौशिक,पूर्व प्रधान सुनिल चंद व वरिष्ठ समाजसेवी मनोज चंद ने बताया कि पोखरीगांव की शीतला माता देई माता का मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। जो काफी जीर्ण-शीर्ण हो गया था। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने देई माता के इस अति प्राचीन मंदिर का सुंदरीकरण व विकास कराया है। पर्यटन विभाग ने माता के मंदिर का सुंदरीकरण, यज्ञशाला, धर्मशाला, सुलभ काम्प्लेक्स, इंटरलॉकिंग सड़क, इंटरलॉकिंग परिसर, लाइट, बेंच आदि का विकास कराया है। जिसके बाद से ही यह पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। इसे अब अति प्राचीन देई माता मंदिर शीतला माता धाम के रूप में ख्याति मिल रही है। ग्रामवासियों ने बताया माता का मंदिर ऐतिहासिक है यहां जो भी भक्त अपनी मनोकामना के लिए मां के दरबार में आते है वे कभी निराश नही लोटते ।

इस अवसर पर पूर्व जिपंस घनानंद यादव, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, सह जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार हिंदुस्तानी, वरिष्ठ पत्रकार रामसजीवन मिश्र, पिंटू चंद, दीपू चंद, छोटू चंद, विवेक, चंदन, गोलू, दूर्जय, अमन, सूरज धीरज, मोनू गौतम, प्रदीप व बलवंत आदि सहित सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# विस चौरीचौरा में लगातार हो रहे हैं विकास कार्य : सरवन निषाद

## 25 लाख रुपये की लागत से ब्रह्मपुर ब्लॉक में बनेगी पुलिया

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरी चौरा अन्तर्गत ब्रह्मपुर ब्लॉक के ग्राम सभा करौता दयालगढ़ में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से पुलिया का निर्माण होगा। उसके लिए बजट आवंटित हो गया है। विधायक ई.सरवन निषाद ने पत्र लिखकर जल्द से जल्द पुलिया निर्माण करवाने की मांग किया था ।विधायक की मांग पर जिला ग्राम विकास अभिकरण द्वारा बजट का आवंटन कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि इस नाली पुलिया से लगभग 52 गांव के खेतों को जल जमाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से यहां पर पुलिया निर्माण करवाने की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी। उसको लेकर विधायक का पहल रंग लाया है। विधायक ने कहा कि लगातार चौरी चौरा में विकास कार्य कराए जा रहे है ।पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का समूचा विकास हो रहा है। इस पुलिया निर्माण से जल जमाव के साथ साथ किसानों के खेतों में गंदा पानी बह रहा था। जिससे फसलें प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़क नाली और जनहित के सभी मूलभूत सुविधाओं का निदान कराया जा रहा है।

# ट्रक में लदी 48 भैंसें पकड़ी, चार गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। धरवार चैकी पुलिस ने सोम आवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 48 भैंसों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर ले जाते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मध्य प्रदेश राज्य के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 ( घ ) के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया और भैंसों को सुरक्षित अवमुक्त कराया।

एक ट्रक में मध्य प्रदेश के चार युवक सिरसागंज की ओर जा रहे थे। जब वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए जसवंतनगर क्षेत्र के जमुनाबाग के समीप पहुंचा, तभी वहां वाहन चेकिंग कर रहे धरवार चैकी इंचार्ज उपनिरीक्षक चरन सिंह ने ट्रक को रुकवाया। कागजात की जांच के दौरान जब ट्रक खोला गया, तो पुलिसकर्मी भौंचक्के रह गए। ट्रक के भीतर 48 भैंसें जबरदस्ती ठूंसी गई थीं, जिन्हें रस्सियों से कसकर बांधा गया था। कम जगह में ठूंस दिए जाने के कारण सभी भैंसें एक-दूसरे में फंसी हुई थीं और सांस लेने तक में दिक्कत हो रही थी। पुलिस ने मौके से ट्रक सहित चारों आरोपियोंकृ30 वर्षीय बिलाल पुत्र बहीद, 22 वर्षीय इमरान पुत्र भाई मियां, 28 वर्षीय सद्दाम पुत्र नसीम निवासी ग्राम लायरा थाना कुरवाई जिला विदिशा, तथा 28 वर्षीय रिंकू पुत्र हासिम खान निवासी नई बस्ती रिझोनी थाना कैलारस जिला मुरैनाकृको गिरफ्तार कर लिया। धरवार चैकी इंचार्ज चरन सिंह ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। सभी भैंसों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर पशु चिकित्सा टीम की निगरानी में रखा गया है। पशुओं के साथ क्रूरता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा पर राधाबल्लभ लाल का हुआ धवल श्रंगार

इटावा। पुराना शहर छैराहा स्थित नगर का वृंदावन धाम श्री राधावल्लभ मंदिर पर शरद पूर्णिमा का पावन पर्व मंगलवार को श्रद्धाभाव के हुआ।

# स्केचिंग चित्रकार ने मलिक समाज फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट की तस्वीर



बाराबंकी। नबीगंज स्थित मलिक समाज फाउंडेशन कार्यालय मे मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक का सलमान मलिक व चित्रकार शाहरुख ने बनाई स्क्रैचिंग तस्वीर व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री मलिक ने कहा स्केचिंग चित्रकार शाहरुख ने काग्रेस सांसद तनुज पुनिया, अरविंद सिंह गोप, सदर विधायक सुरेश यादव, शीला सिंह, वसीम राइन का भी स्क्रैच फोटो बनाया है। हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। उसको पहचानने और सही दिशा देने की जरुरत है। बैठक मे हाजी इरफान मलिक, कफील मलिक, डॉक्टर ताजुद्दीन, मास्टर मुजफ्फर हुसैन मलिक, फैसल मलिक, जावेद मलिक, आजम मलिक, रियाज मलिक, शहाबुद्दीन मलिक, नफीस मलिक, शान मलिक, मोहम्मद शोएब कामिल मलिक मौजूद रहे।

# माडिफाइड साइलेंसर से बजाते थे पटाखे, टीआई ने की सख्त कार्यवाही



बाराबंकी। तेज पटाखे की आवाज निकाल ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बुलेट चालकों को साइलेंसर के पास खड़ा कर तेज आवाज में गाड़ी से पटाखे की आवाज निकाली गईइ जिसके बाद वाहन चालकों ने नियम का उल्लंघन न करने की बात कही। तो वहीं यातायात प्रभारी श्री यादव ने दर्जनों साइलेंसरो को तत्काल उतरवाते हुए चालान किये। तथा चालको को दोबारा मिलने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की वकीलो ने की पुरजोर मांग



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द तिवारी को सौपा। ज्ञापन कहा गया है कि जनपद मे पड़ने वाले हाइवे टोल टैक्स पर अधिवक्ताओ को टोल टैक्स फ्री किये जाने, अधिवक्ता प्रोटैक्शन एक्ट को तत्काल लागू किये जाने, जनपद बाराबंकी को लखनऊ मण्डल मे सम्मिलित किये जाने, रूदौली तहसील को जनपद बाराबंकी मे शामिल किये जाने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन देने वालो मे बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, उपाध्यक्ष प्रथम पवन कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, संयुक्त मंत्री प्रकाशन प्रभारी नवीन कुमार रस्तोगी, गौरव कुमार गुप्ता, देवराम यादव, बृजमोहन वर्मा, रमेश भारतीय, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, देशराज वर्मा, पुत्ततीलाल यादव, सी0बी सिंह, सत्यदेव वर्मा, अंशुमान सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, रवि यादव, वैभव द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश वर्मा, ज्ञान शुक्ला, बृजेश वर्मा, उदय वर्मा, शीलम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट वाहन का कमर्शियल उपयोग मिलने पर पीटीओ ने किये 14 चालान



बाराबंकी। प्राइवेट वाहनो को धड़ल्ले से कमर्शियल उपयोग करने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग सख्ती के साथ कार्यवाही करने मे जुटा हुआ है। इस दौरान ओवरलोड़, बकाया टैक्स, परमिट के साथ ही अन्य पत्रावलियो की जांच करते हुये कार्यवाही की जा रही है। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि बकाया टैक्स, प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग, ओवरलोड़, परमिट शर्तो का उल्लंघन करने वाले वाहनो के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही जारी है। आज मंगलवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-बाराबंकी मार्ग प्राइवेट वाहन का कमर्शियल उपयोग करने वाले 4 वाहनो समेत अन्य अभियोगो मे 10 चालान किये।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन हर्षोल्लास से मना



इटावा। महेरा चुंगी कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रशांत तिवारी ने बताया प्रदेश में अजय राय हर वर्ग के साथ खड़े हे एवं प्रदेश की जनता की लड़ाई लड़ रहे हे इस डबल इंजन की सरकार से आने वाले 2027 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार उनके नेतृत्व में बनेगी। प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने जन्मदिन के अवसर पर पूजा अर्चना कर लम्बी आयु की कामना की। जिलाउपाध्यक्ष सतीश नागर ने महेवा ब्लाक में पौधारोपण किया एवं कहा कि आज दलित समाज की आवाज उठा रहे हे एवं योगी की सरकार में दलित समाज का शोषण हो रहा है। जन्मदिन के मौके पर रोहित दुबे, अन्नू दीक्षित, निखिल बाजपेई, राहुल यादव, अवनीश तिवारी, अनुराग करण रहे।

# कांग्रेस जनों ने मनायी महर्षि वाल्मीकि की जयंती



इटावा। संस्कृत साहित्य के महाकाव्य रामायण के रचियता महर्षि बाल्मीकि की जयंती कांग्रेस कार्यालय पर समस्त-कांग्रेस जनों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमे प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा बताये हुए सद् मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सदैव मानव कल्याण और हितों पर जोर दिया है। हमें भी इसका अनुसरण करना चाहिए। इसके बाद सभी कांग्रेसी कटरा शमशेर खां में बत्तख तलैया स्थित आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के मन्दिर पर पहुंचे। वहां उन्होंने वाल्मिक जी की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, जिलामहासचिव अमित त्रिपाठी अंबुज, मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूत, सरवर अली, प्रदीप द्विवेदी, अमन तिवारी, अंसार अहमद व धर्मेंद्र कुमार सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# विधायक व डीएम ने वाल्मीकि की जीवन की उपलब्धि गिनायी



इटावा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर जनपद के बेला पछाय और वार्ड नंबर 5 बतख तलैया कटरा शमशेर खा में स्थिति वाल्मीकि मंदिर और श्रीराम, हनुमान मंदिर व इटावा के विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों पर आयोजित वाल्मीकि रामायण का पाठ शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बतख तलैया कटरा शमशेर खां मंदिर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह के साथ साथ सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सदर विधायक सरिता भदौरिया और जिलाधिकारी ने वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि के जीवन की उपलब्धियों को गिनाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और पूजन हवन के साथ माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विधायक को महर्षि वाल्मीकि का चित्र प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समस्त वाल्मीकि समाज उपस्थित रहा। संस्कृति विभाग के कलाकार धर्मेंद्र कुमार ने वाल्मीकि रामायण के श्लोकों का हिंदी रूपांतरण करते हुए पाठ प्रारंभ किया जा रहा है।

# एसएसपी ने उपमहानिरीक्षक का स्वागत किया

इटावा। पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चन्दर आईपीएस का जनपद आगमन हुआ। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गार्द द्वारा सलामी दी गई।

संक्षेप

## दीपावली रामलीला मेले के लिए हुआ भूमिपूजन

तिकुनिया खीरी। कस्बे में श्रीजनता रामलीला कमेटी ने मेला मैदान में अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंगलवार को अपराह्न 3 बजे कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, महामंत्री अजय गर्ग टीटू, अनुज गुप्ता सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी ने पूजा अर्चना की। पंडित हेमंत शर्मा ने वैदिक मंत्रो से धरती पूजन कराया। इसके बाद ध्वज लगाकर मेला का शुभारंभ किया गया। कमेटी अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया की मेले में 15 अक्टूबर को पंजाबी कार्यक्रम 16 को विराट कवि सम्मेलन रखा गया है। बाकी कार्यक्रम सब पूर्ववत रहेंगे। इस बार मिट्टी के दिए बेचने वालों से शुल्क नहीं लिया जाएगा। 12 अक्टूबर को भगवान राम बारात कस्बे में निकाली जाएगी। इस दौरान संरक्षक किशन महावर, विनायक प्रसाद, जितेन्द्र गुप्ता, अनुज गुप्ता, अजय गर्ग, शिव कुमार गर्ग, अशोक निषाद, मनोज महावर, हरविंदर सिंह, शिशिर गुप्ता, सोनू अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती पर कस्बे में निकली शोभायात्रा

धौरहरा खीरी। कस्बे में मौजूद महर्षि बाल्मीकि के एकल मंदिर परिसर से निकली शोभायात्रा कस्बे की विभिन्न सड़कों से होकर निकलकर पुनः मंदिर परिसर पर समापन हुआ।शोभायात्रा में सैकड़ों लोग मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार मंगलवार को महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर कस्बे के एकलौते मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा सुबह से शुरू हुई तैयारियों के बाद निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। भगवान बाल्मीकि की शोभायात्रा सिनेमा चौराहे से चलकर मेन बाजार, नागेश्वर मंदिर, रोडवेज, कोतवाली, हलवाई मंदिर होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समापन हुई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी, भगवती प्रसाद शुक्ल, संजय शुक्ला, धीरु मिश्रा, रमेश कुमार, राजू, कमलेश सहित सैकड़ों भक्तों का जनमानस मौजूद रहा।

## साइबर अपराध से बचाव के लिए कार्यशाला का आयोजन

फतेहपुर।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम वआमजनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल कॉलेज एवं पुस्तकालयों एवं अन्यसार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गएइसी क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी अपराध दुर्गेशदीप के कुशल नेतृत्व में आज साइबर क्राइम थाना फतेहपुर से उप निरीक्षक रणधीर सिंह हे0का0 अखिलेश उपाध्याय, का0 शुभेंदु, का0 अजय एवम् थाना बिंदकी के प्रभारी निरीक्षक लान सिंह द्वारा जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम थाना द्वारा बिंदकी थानाक्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्राम प्रधान, पत्रकार बंधु व थाना के समस्त पुलिस कर्मी को साइबर अपराध से संबंधित बचाव हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।

# श्रीराम के बारात प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु, सुहेला में हुआ राममय माहौल



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम सुहेला स्थित श्री बजरंगबली मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में सोमवार को भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। भगवान श्रीराम की बारात के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा पंडाल में चारों ओर भक्ति रस की सरिता बह निकली।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने राम दरबार की आरती कर लोकमंगल की कामना की। आरती के दौरान पूरा पंडाल ह्यजय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मयार्दा और सत्य का प्रतीक है। हमें उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना का विस्तार करना चाहिए। आरती के उपरांत मीनाक्षी अग्रवाल ने व्यासपीठ को नमन करते हुए भगवान श्रीराम की महिमा का भजन प्रस्तुत किया। उनकी मधुर वाणी सुनकर भक्तगण मंत्रमुग्ध हो उठे और वातावरण में भक्ति का उत्साह फैल गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोषों से उनका स्वागत किया। कथा व्यास ने इस अवसर पर भगवान श्रीराम की बारात का सुंदर और भावनात्मक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम के जीवन का हर प्रसंग लोकमंगल से जुड़ा हुआ है और उनमें नीति, धर्म और समाज कल्याण का गहरा संदेश निहित है। जैसे ही व्यासपीठ से बारात का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु उत्साह से झूम उठे। कथा के दौरान जगह-जगह भक्तजन पुष्पवर्षा करते नजर आए। कथा के आयोजक डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री एवं जया अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीराम कथा का उद्देश्य समाज में भक्ति, प्रेम और नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन कथा में सम्मिलित होकर सभी प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें। कार्यक्रम में अरविंद पांडे, रामू वर्मा, अरुण कुमार सिंह, मयंक दीक्षित, महेंद्र वर्मा, सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## साईं धाम पर हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नेशनल हाईवे स्थित अहमदनगर के निकट स्थित साईं धाम में मंगलवार को भंडारे का आयोजन भक्ति और सेवा भाव के माहौल में संपन्न हुआ। भंडारे का आयोजन समाजसेवी, व्यापारी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक कनौजिया द्वारा कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

सुबह से ही भक्तों का साईं धाम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सेवा और भक्ति का संगम ही सच्चे धर्म का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं।

आयोजक अशोक कनौजिया ने सभी आगंतुकों का आभार जताया और कहा कि साईं बाबा की कृपा से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक श्रद्धा एवं भव्यता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. सुमेघा पटेल, डॉ. रामशरण, विनोद वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, सतीश वर्मा, पटेल सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

## चार वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़े



धौरहरा खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए गए सर्च आपरेशन में चार आरोपी जिन पर न्यायालयो से जारी वारंटी सोमवार रात पुलिस के हत्थे चढ़ गये जिन्हें आवश्यक लिखा-पढ़ी के बाद न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर सक्रिय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने रात में दबिश देकर विभिन्न न्यायालयों से जारी वारंटी अंकुर उर्फ रामकुमार चौहान पुत्र बिक्रम निवासी मुरावनपुरवा, कल्लू पुत्र मूलचंद उर्फ गोबरे निवासी मुरावनपुरवा, मुक्ता प्रसाद पुत्र मोतीलाल निवासी चकलाखीपुर, चन्द्र भाल उर्फ पाण्डेय पुत्र शुकुल उर्फ शुक्ला पासी निवासी चकलाखीपुर को उप निरीक्षक रुद्र प्रकाश पाण्डेय सिपाही विनोद, संजीव व विशाल ने गिरफ्तार करके व आवश्यक लिखा-पढ़ी करके जिला मुख्यालय भेज दिया।

## 85 मरीजों को मिला निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 85 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया।

इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि बदलते इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ पानी और तेल रिफाइन कम इस्तेमाल करें हरी सब्जी व सलाद का ज्यादा प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें, गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें ताकि जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा. अमित सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को हम कटिबद्ध है। इस निशुल्क कैम्प से अधिक से अधिक महिलाएं लाभांवित हो। इस बार 85 महिलाओं का निःशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा।इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## खीरी में धूमधाम से मनी महर्षि बाल्मीकि जयंती



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को गत वर्षो की भांति खीरी में महर्षि बाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ शुरू किया गया।

इस अवसर पर शासन के निर्देश पर जिले की सभी तहसील, विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर विभिन्न मंदिरों में संस्कृति विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक भजन मंडलियों ने रामायण का अखंड पाठ शुरू किया। फॉरेस्ट कॉलोनी मंदिर में पूजा-प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ, जिसमें सीडीओ अभिषेक कुमार ने महार्षि वाल्मीकी जी की चित्र पर माल्यार्पण किया तथा अखंड रामायण पाठ शुरू कराया। साथ ही महर्षि वाल्मीकी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकी जी के पद चिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न वाल्मीकी मंदिरों में प्रतिमा का माल्यापर्ण, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि वैदिक काल में महान ऋषियों में आते हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। कहा कि वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्य एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जन सामान्य को जोड़ना है। इस अवसर पर डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, सीवीओ डॉ. दिनेश सचान, पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे जिले में दिनभर श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। शहर में भुफोरवानाथ मंदिर, मुड़िया महंत मंदिर, राम नवमी मंदिर धौरहरा और मंगला देवी मंदिर गोला गोकर्णनाथ सहित जिलेभर में बड़ी संख्या में प्रमुख मंदिरों में रामायण पाठ शुरू हुआ।

## छात्रा आद्या पाण्डेय बनी एक दिन थाना प्रभारी



लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत थाना मझगई पर सेंट एन कालेज पलिया कक्षा 12वीं की छात्रा को एक दिवसीय थाना प्रभारी मझगई बनाया गया।

शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु थाना मझगई जनपद खीरी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सेंट एन कालेज पलिया की कक्षा 12 की छात्रा सेंट एन कालेज पलिया की कक्षा 12वीं की छात्रा आद्या पाण्डेय को एक दिवसीय थाना प्रभारी मझगई बनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एव बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार करना तथा समाज में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करना रहा। छात्राओं ने थाना परिसर का भ्रमण कर महिला शक्ति केन्द्र एवं महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेखों का निरीक्षण किया व थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एक दिवसीय थाना प्रभारी के रूप में छात्रा आद्या पाण्डेय ने नारी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए तथा बालिकाओं एवं महिलाओ से आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण, विद्यालय प्रतिनिधि एवं क्षेत्र की महिलाओ को शासन द्वारा संचालित महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न सेवाओं की भी जानकारी दी गई। इन सेवाओं का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।

## हर्षोल्लास से मनायी गयी आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर, रावर्ट्सगंज में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती व रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद नें श्रीराम जानकी मूर्ति का पूजा अर्चन एवं रामायण पाठ कार्यक्रम का शुभारम्भ पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। नगर पालिका अध्यक्षा ने आदि कवि महर्षि बाल्मीकी जयंती के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि बाल्मीकी जी अपने बचपन में धार्मिक कार्यो से बहुत दूर रहे, परन्तु जब उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ तब प्रभु श्रीराम के शरण में चले गये और प्रभु की भक्ति में लीन हो गये। उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति और आत्मशक्ति से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# बुखार से दो गांवों में पांच की मौत, 25 लोग प्रभावित

मोहम्मदी खीरी। पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिहोरा नासिर और सहमत में रहस्य में बुखार फैलने से एक सप्ताह के भीतर पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई 25 से अधिक लोग चपेट में आने पर अलग-अलग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है डॉक्टरों ने सामान्य बुखार की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया है उच्च अधिकारियों की शिकायत पर गांव में तीन डॉक्टरों की टीम ने संक्रमित लोगों के सैंपल लेना शुरू किया है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिसोरा नासिर और सहामत में भीषण गंदगी के बीच फैले रहस्यमय बुखार के चलते ईशानूर, गुरफान, फरनाज, यूनुस, और मुन्नी की मौत हो गई है वहीं 25 से अधिक लोग संक्रमण की चपेट में आ गए हैं जिनके अलग-अलग जगह पर इलाज चल रहा है। अधीक्षक अश्वनी वर्मा ने बताया मृतकों में कई लोग गंभीर बीमारी से पहले ही जूझ रहे थे वहीं डेंगू जैसी महामारी से बचाव को लेकर एंटी लारवा का छिड़काव युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा का सैंपल लेकर जिला पर भेजा जा रहा है जिससे बीमारी कंफर्म हो जाएगी। गांव में मेडिकल सचल दल की टीम में कैंप लगाकर जांच कर दवाई वितरण करने का काम कर रही हैं स्थिति नियंत्रण में है।

## रामलीला मेले को लेकर बैठक

सिंगाही - खीरी। कस्बे में होने वाले रामलीला मेले को लेकर महारानी सुरथ कुमारी धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान



टूनामेंट महामंत्री प्रवीण शाह ने पिछले वर्ष की आय और व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही इस वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। मेला महामंत्री ने बताया कि मेले का भूमि पूजन 23 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि रावण वध 14 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। 16 नवंबर को राजगद्दी के साथ मेले के कार्यक्रमों का समापन होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रमों के अंतर्गत 11 नवंबर को कवि सम्मेलन, 12 नवंबर को ऑर्केस्ट्रा तथा 14 से 16 नवंबर तक संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, पूर्व चेयरमैन उत्तम मिश्र, रामप्रकाश सोनी, रतन रस्तोगी, भाजपा नेता सुनील बत्रा, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, सभासद रामनरेश गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष सचिंद्र शाह, महामंत्री नृपराज शाह, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की प्रेरणा

पिपरिया धनी ( खीरी )। महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम साहबगंज स्थित शिवपुरी



ग्राम पंचायत सचिवालय, छेड़ीपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि उमेश चंद्र चौरसिया और महिला उप निरीक्षक अंजना जायसवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। सीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संकट की स्थिति में महिलाएं या छात्राएं तत्काल 112, 1090, 181, 108, 101, 1098, 1076, 102 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया पर परेशान करने या किसी अन्य संदिग्ध गतिविधि में लिप्त पाया जाए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। महिला उप निरीक्षक अंजना जायसवाल ने कहा कि महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहें और आत्मरक्षा के लिए स्वयं को सशक्त बनाएं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि भय नहीं, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि उमेश चंद्र चौरसिया ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाना है। इस मौके पर रेहरिया पुलिस चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार, शिशु कपूर, अभिषेक कुमार, करणवीर सिंह, ग्राम प्रधान सुदेश कुमार, लेखपाल अमरीक राज, विनोद कुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र राज आदि मौजूद रहे।

## मीरजापुर मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग भर्ती पर भ्रष्टाचार का आरोप

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और जाति-आधारित भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया गया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा के महेश गुप्ता ने मंडल आयुक्त व जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र लिखकर इस भर्ती को तत्काल रोकने और पूर्व भर्तियों की जांच कराने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भी भेजी गई है। शिकायत के अनुसार, कॉलेज की सभी आउटसोर्सिंग भर्तियां इअखढअकळफ्अअ्एफ्र नामक कंपनी द्वारा संचालित की जा रही हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया है कि कंपनी के प्रतिनिधि मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, स्टेनो और उनके सहयोगियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। अब तक हुई लगभग 400 भर्तियों में से करीब 200 बिंद समाज के और 150 यादव समाज के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई, जबकि शेष अन्य समुदायों से हैं। यह प्रक्रिया सरकारी मंशा के विपरीत होने का दावा किया गया है।गुप्ता ने पत्र में उल्लेख किया है कि 15 सितंबर 2025 को जारी नवीनतम विज्ञापन के तहत भर्ती परीक्षा 8 अक्टूबर 2025 को सुरभि संस्थान, चुनार के सभागार में प्रस्तावित है। इसमें केवल विशेष जातियों के उम्मीदवारों को ही फोन कॉल्स के माध्यम से सूचना दी गई, जो पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है। उन्होंने कहा, विशेष जाति की भर्ती से सरकार की छवि खराब की जा रही है, जो कि सरकार के मंशा के विपरीत है। महेश गुप्ता ने विनम्र अनुरोध किया है कि इस भर्ती को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और पूर्व भर्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने इसे जनहित में न्यायसंगत बताया है। पत्र में उल्लेखित मोबाइल नंबर 9794040505 पर संपर्क करने का भी जिक्र है, जबकि पता आदर्श इंटर कॉलेज, भदौहां, विसुन्दरपुर, मीरजापुर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन या संबंधित अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस मामले में उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप से भर्ती प्रक्रिया पर नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह न केवल कॉलेज की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है, बल्कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण और पारदर्शिता के मुद्दे को भी उजागर करता है। आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा




गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कुम्हारन टोला सब्जी मंडी स्थित बाल्मीकि मंदिर से हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यह शोभायात्रा बाल्मीकि मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुधीर कुमार, महामंत्री गोविन्द कुमार, कोषाध्यक्ष अजय महाजन, कुनाल, संरक्षक दिलीप कुमार, जगमोहन बाल्मीकि व सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि के नेतृत्व में रवाना हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों कृ मिल रोड, सदर चौराहा, खुटार रोड, विकास चैराहा होते हुए मोहम्मदी-लखीमपुर रोड तक निकाली गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भी पालिका परिवार सहित पुष्पवर्षा करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने ज्ञान व तपस्या से समाज को धर्म, सत्य और करुणा का मार्ग दिखाया। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन का आदर्श प्रस्तुत कर मानवता के लिए अनुपम उदाहरण दिया।

इस अवसर पर राम प्रसाद बाल्मीकि, मलखान बाल्मीकि, रतन सिंह, श्यामू महंत, मनोज महंत, जिला महामंत्री (पिछड़ा वर्ग) विनोद स्वर्णकार, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेयी, विजय मिश्रा, सभासद रज्जन खान, गीता विश्वकर्मा, सुमित्रा मिश्रा, कैलाश गुप्ता, ऋषि गुप्ता, डॉ. पियूष शुक्ला, विनीत भदौरिया, शिवम गुप्ता, काके सहगल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल्मीकि जयंती पर तहसील परिसर में गूंजा जय हनुमान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील के अधिकारी और सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सुंदरकांड का श्रवण किया और प्रभु श्रीराम व हनुमानजी से लोकमंगल की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने आयोजन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार भीमचंद, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के.के. शुक्ला (गुड्डू), मंत्री अनूप वर्मा सहित अनेक अधिवक्ता और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपाइयों ने मनायी महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती

सोनभद्र। सपा कार्यालय पर मंगलवार को महाकाव्य रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्रछाया पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शतनमन कर संगोष्ठी की गयी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी के विचार आज भी हमें सत्य मयार्दा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनकी तपस्या ज्ञान और लेखनी ने संपूर्ण मानव जाति को धर्म नीति और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया है। इन सब बातों को आत्मसात करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं।

## अपना दल एस की बैठक संपन्न

सोनभद्र। अपना दल एस जिले की मासिक बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक का सफल संचालन जिला महासचिव राजकुमार बौद्ध ने किया। बैठक में चिकित्सा मंच का प्रभारी जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव को व बौद्धिक मंच का प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को बनाया गया। मुख्य अतिथि दिनेश वियार व आनंद पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है, जनपद में समस्त जिला पंचायत क्षेत्र के चुनाव 2026 को मजबूती से लड़ने के लिए पार्टी के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि संगठन विस्तार हेतु सभी पदाधिकारियों को मिलकर काम करना होगा। अपना दल एस राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाना होगा। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत हो चुका है, आने वाले पंचायत चुनाव में सभी पंचायती सीटों पर पार्टी के पदाधिकारियों को मजबूती के साथ चुनाव लड़ाया जायेगा।

संक्षेप

## ऑक्सीजन पाइपलाइन के पास आग लगने से हड़कम्प

आजमगढ़। जिला मण्डलीय अस्पताल के मेल सर्जिकल वार्ड में मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे हड़कंप मच गया। वार्ड नंबर 13 में भर्ती मरीज सुदेशी निषाद के बेड के पास लगे विद्युत बोर्ड में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग ऑक्सीजन पाइपलाइन के बगल में लगे बोर्ड से शुरू हुई, जहां पास के मरीज का चार्जर प्लग किया हुआ था। आग की चपेट में बेड की चादर भी आ गई, जिससे पूरे वार्ड में भय का माहौल बन गया। आग लगते ही सुदेशी निषाद के परिजनों ने फुर्ती दिखाते हुए उन्हें बेड से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। सूचना मिलते ही अस्पताल का स्टाफ तुरंत हरकत में आ गया और आग बुझाने के उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का मुख्य कारण बताया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## शव मिलने से मची सनसनी

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6, चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी छोटेलाल मोदनवाल (40 वर्ष) का शव रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में फूलपुर बस स्टॉप से लगभग 100 मीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे, देसी शराब की दुकान के पास मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकली महिलाओं ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जहां एक चप्पल मिली और मृतक के माथे पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस को हत्या या दुर्घटना की आशंका है। छोटेलाल, जो सूरत (गुजरात) में मजदूरी करता था, एक सप्ताह पहले ही अपने घर फूलपुर आया था। वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। पांच वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शराब की दुकान के आसपास यह तीसरी संदिग्ध मौत है। उनका आरोप है कि दुकान देर रात तक खुली रहती है, जहां नशे में झगड़े आम हैं। पुलिस ने दो अज्ञात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है और शराब ठेके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। थाना प्रभारी फूलपुर ने बताया कि मामले की गहन जांच चल रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## किशोरी के अपहरण दुष्कर्म में 20 वर्ष की कैद

जौनपुर। छह वर्ष पूर्व जफराबाद थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) रूपाली सक्सेना की अदालत ने 20 वर्ष के कारावास व ?25000 अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 27 अप्रैल 2019 को 8रू00 बजे रात उसकी 17 वर्षीय पुत्री को उसके ही गांव का रहने वाला बखेडू निषाद पुत्र मेवालाल बहला-फुसला कर भगा ले गया। उसको अंदेशा है कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ गलत कृत्य कर रहा होगा। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी व रमेश चंद्रपाल के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी बखेडू निषाद को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के कारावास व 25000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थ दंड की समस्त धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश हुआ।

## पिकअप के धक्के से पांच लोग घायल

जौनपुर । केराकत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहाबुद्दीनपुर पचवर डगरा मोड़ के पास दुर्गा माता मंदिर के सामने सवारी भर कर ले जा रहे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर में ई-रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुन आस-पास के लोगो की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ से किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच घायलों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत भेजा। जहां चिकित्सकों ने घायलों में पसेवा गांव निवासी जिउत चौहान की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शिक्षा को रोजगार, कौशल और आत्मनिर्भरता से जोड़ा जाये: राज्यपाल



आजमगढ़। कुलाधिपति/ राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्यों एवं कुलपति के साथ शैक्षिक शोभा यात्रा के उपरान्त महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के द्वितीय दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ करने की घोषणा की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रगीत के साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत व विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति की गयी।

कुलाधिपति/महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा द्वितीय दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि धीरे-धीरे छात्र-छात्राओं की संख्या और सुविधाएँ बढ़ रही हैं, और आयोजन अच्छे ढंग से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने परीक्षाएँ दीं, परिणाम तैयार हुआ और समय पर दीक्षांत का आयोजन हुआ। राज्यपाल द्वारा छात्रों को कड़ी मेहनत और परिश्रम से पढ़ाई करने के लिए बधाई दी गई। उन्होने छात्रों को ज्ञान के भण्डार को पढ़ने के लिए प्रेरित किया, और कहा कि केवल अपने विषय तक सीमित न रहें। उन्होंने कहा कि यदि हम ज्ञान का 0.1 प्रतिशत भी पढ़ पाते हैं, तो जीवन का कल्याण हो जाएगा और पूरे विश्व का भी कल्याण हो जाएगा। उन्होंने छात्रों से विकसित भारत बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों और मनीषियों ने जंगलों में रहकर, बिना किसी सुविधा, टेक्नोलॉजी या लाइट के भी संशोधन, रिसर्च, दवाइयाँ और ऑपरेशन किए, जो सब किताबों में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ महर्षि दुवार्सा, भगवान दत्तात्रेय और चंद्रमा ऋषि जैसे महामनीषियों ने तपस्या की है। यह धरती वीर कुंवर सिंह, राजा बेनी माधव सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की कर्मभूमि रही है। उन्होंने महाकवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध, महापंडित राहुल सांकृत्यायन, और कैफी आजमी जैसे साहित्यकारों की समृद्ध परंपरा को भी नमन किया। उन्होने कहा किविश्वविद्यालय का नामकरण महान योद्धा महाराजा सुहेलदेव

**● राज्यपाल ने महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के द्वितीय दीक्षांत समारोह का किया शुभारम्भ**

के नाम पर हुआ है, जिन्होंने आक्रांता महमूद गजनवी के सेनापति सैय्यद सालार मसूद गाजी का मर्दन कर राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा की थी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री उ0प्र0 ने द्वितीय दीक्षांत की बधाई देते हुए कहा कि आजमगढ़ सांस्कृतिक विरासत का शहर है। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में आजमगढ़ के वीरों ने भी अपना योगदान दिया था। भारतीय संस्कृति के विद्वान राहुल सांकृत्यायन, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध कैफे आजमी की धरती है, इस शहर में महाराजा सुहेलदेव के नाम से विश्वविद्यालय गर्व का विषय है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि माता-पिता एवं गुरूओं के संघर्ष के बिना इस मुकाम को हासिल नहीं किया जा सकता है। इनका आजीवन कृतज्ञ रहना चाहिए। हर गुरु यह कामना करता है कि हर शिष्य बहुत ऊंचाई तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आपने जो जीवन में शिक्षा के माध्यम से ग्रहण किया है, यह अवसर उनको याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जरूरी है, उसके साथ ही शिक्षा का उपयोग सही ढंग से करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वो है जो ज्ञान दे, विज्ञान दे, शिक्षा वो है, जो स्वावलंबी बनाये, स्व का बोध कराये, राष्ट्र के प्रति प्रेम का बोध कराये, तिरंगा हाथों में लेना सिखाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का दायित्व बोध होना चाहिए। शिक्षा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। उन्होने कहा कि आज सर्वाधिक रैंकिंग/ग्रेडिंग विश्वविद्यालय वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने विश्वविद्यालय को द्वितीय दीक्षांत की बधाई देते हुए कहा कि स्नातक होना शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि उनके जीवन के एक नए महत्वपूर्ण अध्याय की शुरूआत है। जहाँ उन्हें सफलता, असफलता और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन उनके लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए एक रास्ता जरूर निकलेगा। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में राष्ट्र विकासशील देशों की पिछली कतार से निकलकर अग्रणी पंक्ति में आ गया है। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी विजन है कि 2047 तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बने। इसमें युवा, विशेषकर महिलाएँ (बेटियाँ) इस विकास में सबसे बड़ी भूमिका निभाएँगी। राज्यपाल ने वर्ष 2024-25 हेतु कला वर्ग के एमए/बीए, विज्ञान वर्ग के एमएससी/ब ीएससी, वाणिज्य वर्ग के एमकॉम/ बीकॉम/ बीबीए, लॉ के एलएलएम/ एलएलबी, शिक्षा के एमएड/ बीएड/ बीपीएड, कृषि के एमएससी एजी के कुल 68 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति/ कुलपति उपाधि व मेडल से सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा जनपद आजमगढ़ के 5 एवं मऊ के 5 आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्रतिकात्मक रूप से खेल किट के वितरण के साथ ही जनपद आजमगढ़ एवं मऊ के कुल 500 आंगनवाड़ी केन्द्रों को 500 खेल किट का वितरण किया गया। पुलिस कर्मियों के 09 से 14 वर्ष की बच्चियों का वैक्सिनेशन पुलिस लाइन में वामा सारथी आजमगढ़ द्वारा मुफ्त में करवाया गया था। बच्चियों को सर्टीफिकेट व फल टोकरी वितरित की गयी।

## सौ रुपये के लिए युवक की पीटकर हत्या

जौनपुर । जिले के करोकत कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने 100 रुपए न देने पर दोस्त की पीट-पीट कर हत्या कर दी। भाभी छुड़ाती रही, लेकिन वह पीटता रहा। उसके सिर पर पैर रखकर घूसे मारता रहा। भाभी ने चिल्लाकर घरवाले और पड़ोसियों को बुलाया। उनको देखकर आरोपी फरार हो गया। अधमरी हालत में परिवार के लोग सीएचसी ले गए। लेकिन डॉक्टर्स ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने दोस्त को शराब खरीदकर लाने के लिए पैसे दिए थे, लेकिन वह लेकर नहीं आया। पैसे वापस मांगे तो गाली-गलौज हो गई। रात में अचानक आरोपी दोस्त उसके घर पहुंचा था, दिन का बदला निकालते हुए दोस्त को पीटकर मार डाला। घटना सोमवार देर रात की केराकत कोतवाली के पसेवा गांव की है। यहां का 38 वर्षीय अरविंद चैहान पसेवा गांव में ही रहकर खेती करता था। अरविंद की शादी 14 साल पहले पराउगंज की गुड़िया से हुई थी। चार भाईयों में तीसरे नंबर के अरविंद के दोनों बड़े भाई विनोद और प्रमोद गुजरात में रहते हैं, जबकि सबसे छोटा प्रवीण दुबई में काम करता है। अरविंद-गुड़िया के तीन बच्चे हैं। गांव के लोगों के अनुसार, अरविंद चौहान की गांव के ही मुकेश के साथ गहरी दोस्ती थी। दोनों साथ-साथ ही रहते थे। कहीं आते-जाते भी साथ ही थे। कुछ दिनों पहले अरविंद का पैर फ्रैक्चर हो गया था। पैर टूटने की वजह से वह कहीं आ जा नहीं पा रहा था। मृतक की भाभी ने बताया, सोमवार को देवर का दोस्त मुकेश घर आया था। अरविंद ने मुकेश को 100 रुपए देकर शराब लाने के लिए कहा था। मुकेश 100 रुपए लेकर चला गया। थोड़ी देर बाद वह लौटा, लेकिन शराब नहीं लाया। शराब नहीं लाने पर अरविंद ने अपने 100 रुपए मांगे, जिसपर दोनों में बहस हो गई। कहासुनी के बाद मुकेश गुस्सा होकर चला गया। वह सोमवार देर रात को वापस आया। गाली देते हुए अरविंद के पास गया। अरविंद का पैर टूटा हुआ था, जिससे वह घर के बाहर तख्त पर लेटा हुआ था। मुकेश तख्त के पास आया और उसके पैर पर पैर रखकर घूसे और लात से पीटने लगा। आरोपी ने उसे मुंह के बल तख्त पर गिरा दिया, फिर उसके सिर पर पैर रखकर मुक्के मारने लगा। अरविंद दर्द से कराह उठा। वह चिल्लाकर घरवालों को बुलाने लगा। आवाज सुनकर मैं दौड़ी आई। देखा मुकेश उसके सिर पर पांव रखकर बुरी तरह से मार रहा है। मैं और भतीजी अर्चना ने मुकेश से उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे। घर की महिलाएं बचाने के लिए गिड़गिड़ाने लगीं। भाभी ने कहा- परिजन और पड़ोसी जब आए तो आरोपी ने हम लोगों को धक्का दे दिया, फिर वहां से फरार हो गया। हम लोग अरविंद को लेकर केराकत सीएचसी गए। नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अरविंद को लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ केराकत अजीत कुमार रजक ने बताया- पसेवा गांव में अरविंद नाम के एक युवक की मारपीट में मौत हुई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## आगरा मे उपविजेता रही सौम्या सिंह ने बढ़ाया जनपद का मान




जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। आगरा में 3 से 5 अक्टूबर 2025 तक आयोजित योनेक्स सनराइज पुरुषोत्तम दास सावित्री देवी मेमोरियल यू पी स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आगरा मे जनपद की उदीयमान खिलाड़ी सौम्या सिंह ने सब जूनियर वर्ग के 15 वर्षीय बालिका युगल मे मेरठ की साथी खिलाड़ी भूमि राणा के साथ मिलकर उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

इसी वर्ग के फाइनल मे नोएडा की अग्रिमा सिंह एवं आगरा की संघमित्रा गौतम की जोड़ी ने आजमगढ़ की सौम्या सिंह एवं मेरठ की भूमि राणा को संघर्ष पूर्ण मुकाबला में 21-10,21-19 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया इसके पूर्व सेमीफाइनल में सौम्या एवं भूमि राणा की जोड़ी ने अनुष्का सिंह एवं सान्विका गुप्ता कानपुर की जोड़ी को 21-19,21-11 से पराजित कर फाइनल खेलने का अधिकार प्राप्त किया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के अपने से ऊपर की आयु वर्ग 17 वर्षीय प्रतियोगिता में भी सौम्या ने बालिका युगल एवं मिश्रित युगल के सेमीफाइनल तक में सौम्या सिंह ने अपने खेल कौशल से मजबूत उपस्थिति दर्ज की स सौम्या उदयभान सिंह इंटर कॉलेज अनंतपुर निजामाबाद मे कक्षा 10 की छात्रा है एवं वर्तमान में अपने ट्रेनिंग के लिए बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकैडमी लखनऊ में अभ्यास करती है।

सौम्या की सफलता पर मार्गदर्शक अजेंद्र राय ने कहा कि वर्तमान में बालिका खिलाड़ियों में सौम्या सिंह जनपद की एकमात्र उम्मीद है , जिनसे भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन की काफी उम्मीदें है। गत दिनों गोरखपुर में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित मारकंडे चंद मेमोरियल यूपी स्टेट 19 वर्षीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के बालक युगल वर्ग में उदय प्रताप पांडे एवं प्रशांक पाठक की जोड़ी ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। जिला बैडमिंटन संघ आजमगढ़ के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी राय, सचिव डॉक्टर पीयूष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा, पुनीत राय, मनीष रतन अग्रवाल, विजय कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ अमित सिंह दिनेश सिंह, प्रवीण सिंह, सत्येंद्र उपाध्याय, पवन कुमार पांडे, राकेश कुमार सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## महर्षि बाल्मीकि ने हमें अंधकार को ज्ञान कर्म से प्रकाशित किया: रूबी प्रसाद



सोनभद्र। रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि जयन्ती के पर मंगलवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में मिशन शक्ति-5.0 नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद (सभाकक्ष) में सफाई मित्रों को अंगवस्त्रम व प्रशस्ति-पत्र तथा माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष द्वारा महर्षि बाल्मीकि जयंती की शुभकामनायें देते हुए महर्षि बाल्मीकि जी के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। कहा कि बाल्मीकि जी ने हमें सिखाया कि जीवन के हर अंधकार को ज्ञान, कर्म और सत्य से प्रकाशित किया जा सकता है तथा उनके विचार आज भी हमें धर्म, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। इस अवसर पर समस्त सदस्यगण, नपा के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पीहू खरे के मनमोहक नृत्य ने मन मोहा



जौनपुर। पूर्वांचल के उभरते कलाकारों को बेहतर मंच देकर उनकी कलाओं को प्रदर्शित करने बेहतर अवसर और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान बढ़ाने का काम करने वाले पूर्वांचल युवा महोत्सव के आगाज से पूर्व मंगलवार को शहर के मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों का तीन दिवसीय ऑडिशन कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को सी ओ सिटी देवेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापण कर शुरूआत की और महोत्सव के आगाज में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम की शुरूआत पीहू खरे ने गणेश वंदना के साथ लोगों का मन मोह लिया। पूर्वांचल युवा महोत्सव के अध्यक्ष व आयोजक डॉ0 दिनेश कुमार तिवारी ने बताया की यह महोत्सव एल के चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से विगत तीन वर्षों से आयोजित हो रहा है जिसमें पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा जैसे डांसिंग सिंगिंग आर्ट वादन आदि का प्रदर्शन करते है। और उनको यहां से बेहतर मंच भी मिल रहा है। और किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करने का काम करता है। इस वर्ष पूर्वांचल युवा महोत्सव 23 24 व 25 अक्टूबर नव दुर्गा मंदिर विसर्जन घाट पर आयोजित होने वाला है। इस तीन दिवसीय ऑडिशन के जरिए कलाकारों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। पूर्वांचल युवा महोत्सव के संरक्षक इंद्रभान सिंह इंदु प्रोफेसर समर बहादुर सिंह प्रोफेसर मनोज मिश्रा आदि ने अपने संबोधन में आयोजक सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उपेन्द्र मिश्रा निवेदिता राय महेंद्र विश्वकर्मा महेंद्र गुप्ता संजय दुबे राकेश सिंह सहित सभी आयोजक उपस्थित रहे।

## जहरीले जंतु के काटने से युवती की मौत

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव निवासी 19 वर्षीय किशोरी बीते देर शाम घर में साफ-सफाई कर रही थी कि इसी दौरान जहरीले जंतु ने उसे काट लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चांदनी कुमारी 19 वर्षीय पुत्री परशुराम कैथी गांव निवासी जो सोमवार देर शाम घर की साफ-सफाई कर रही थी इसी दौरान जहरीले जानवर के काटने से बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दुष्कर्म आरोपित के घर नोटिस चस्पा



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में मंगलवार को दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे इंद्रवार गांव निवासी आरोपी के घर पहुंचकर ड्रमंडगंज पुलिस ने नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे अभियुक्त इंद्रवार गांव निवासी भरथरी धरकार पुत्र जगदेव के न्यायालय में हाजिर नही होने पर न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में बीएनएसएस की धारा 84 के तहत फरार चल रहे अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा कर न्यायालय में हाजिर होने के लिए मुनादी कराई गई है।

## परिणाम को समझें और उस पर काम करें: सुनील



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में उद्योग संस्थान सहयोग को सशक्त बनाने एवं विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुख अवसरों के विस्तार के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय बैठक सोमवार की शाम आयोजित की गई।

बैठक में जियो इंफोकॉम लिमिटेड, मुंबई के प्रेसिडेंट (डिवाइस एंड सेल्स) सुनील दत्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पूर्व छात्रों और कॉरपोरेट जगत के बीच सतत संवाद को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि और कौशल-आधारित शिक्षण के लिए अनिवार्य मानता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुभवपरक शिक्षण, नवाचार प्रयोगशालाओं और उद्योग-आधारित प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रसर है। मेरी कोशिश है कि कारपोरेट जगत के अनुरूप विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाए। श्री दत्त ने टेलीकॉम और डिजिटल सेक्टर में उभरते वैश्विक रुझानोंकृजैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टमकृपर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, परिणाम को परिभाषित करें और उस पर काम करेंह्व, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा। उन्होंने विद्यार्थियों में बहुआयामी कौशल और अनुकूलन क्षमता विकसित करने पर जोर दिया तथा विश्वविद्यालय को उद्योग और पूर्व छात्रों के साथ मजबूत नेटवर्क बनाने का सुझाव दिया। प्रो. प्रदीप कुमार, निदेशक (सेंट्रल ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल), ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई सशुल्क इंटर्नशिप योजना, अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डेवलपमेंट प्रोग्राम , एलुमनाई कनेक्ट एवं मेंटरिंग स्कीम की जानकारी दी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ राहुल सिंह महाविद्यालय के समक्ष तकनीकी संसाधनों की कमी जैसे चुनौतियों का उल्लेख किया। , उपकुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ .प्रभाकर सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में कुलसचिव केश लाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज

मड़िहान, मीरजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान में 8 अक्टूबर को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बेटियों को समाज में समान दर्जा दिलाना और उन्हें शिक्षित करना है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार किया जाएगा और लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाएगा। नवजात कन्या शिशुओं को बेबी किट और अन्य उपहार दिए जाएंगे। लोगों को बेटियों के अधिकारों और शिक्षा के महत्व के बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी मड़िहान में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बेटियों को समाज में समान दर्जा दिलाना और उन्हें शिक्षित करना है। कार्यक्रम में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और लोगों को बेटियों के अधिकारों और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक झुलसा, एक भेड़ की मौत

मीरजापुर। जिले के ड्रमंडगंज क्षेत्र के सुगहा जंगल में भेड़ और बकरियों को चराने गया पशुपालक मंगलवार दोपहर में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक भेड़ की मौत हो गई और दो भेड़ गंभीर रूप से झुलस गई। क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह ग्राम पंचायत के कठारी बस्ती निवासी अभिमन्यु पाल अपनी भेड़ और बकरियों को चराने के लिए गांव के अन्य चरवाहों के साथ सुगहा जंगल की ओर गए थे दोपहर में गरज चमक के साथ बारिश शुरू होने पर भेड़ और बकरियां बरगद के पेड़ के नीचे आकर खड़ी हो गई पशुपालक भी पानी से बचने के लिए बरगद के पेड़ नीचे आकर खड़ा हो गया। उसी दौरान बरगद के पेड़ के पास आकाशीय बिजली गिर पड़ी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक अभिमन्यु झुलसकर अचेत हो गया। आकाशीय बिजली से एक भेड़ की मौत हो गई वहीं दो भेड़ गंभीर रूप से झुलस गई। कुछ दूर पर मौजूद पशुपालक के साथ में गये गांव निवासी चरवाहा शिवराम पाल ने घटना की सूचना पशुपालक के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे पशुपालक के भतीजे पारसनाथ पाल गंभीर रूप से झुलसे पशुपालक को उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित एक क्लीनिक में भर्ती करवाया जहां पशुपालक का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है।

# गोवा में उठाया राष्ट्रीय स्तर पर सिंगरौली क्षेत्र में प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्या

म्योरपुर,सोनभद्र। सिंगरौली और सोनभद्र के दक्षिणांचल में औद्योगिक विकास के पीछे का सच मंगलवार को गोवा के इंटरनेशनल सेंटर हाल में आयोजित आई आई टी कानपुर के जेटीआरसी के दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में पर्यावरण कार्यकर्ता जगत नारायण विश्वकर्मा और एके गुप्ता ने संयुक्त रूप से उठाया और वीडियो और फोटो तथा शोध पत्र के जरिए राष्ट्रीय स्तर के मंच पर उठाए। बताया कि देश को रोशन करने वाला क्षेत्र आज खुद बीमारियों के अंधेरे में डूबता जा रहा है।

सिंगरौली, सोनभद्र, जहाँ हर साल 10.3 करोड़ टन कोयला जलता है, वहाँ से निकलती है 2.82 करोड़ टन राख। यहाँ से देश को मिलती है 21,500 मेगावॉट बिजली, पर इसी बिजली ने इस धरती की साँसें रोक दी हैं। करीब साढ़े तीन सौ उद्योगों के धुएँ और राख ने खेतों, जलस्त्रोतों और बस्तियों को ढक लिया है। कभी भारत का स्विट्जरलैंड कहा जाने वाला यह इलाका अब देश का तीसरा सबसे प्रदूषित क्षेत्र बन गया है।

बीमारियों का अड्डा बनते गाँव जिला अस्पताल रॉबर्ट्सगंज की रिपोर्ट में बताया गया है कि पाँच साल में श्वांस रोगियों में 30 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। रेणुकूट और विंध्यनगर के स्वास्थ्य केंद्रों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और टीबी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बनवासी सेवा आश्रम के सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषकों के कारण हाई ब्लड प्रेशर, हृदयाघात और स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। कई मरीजों के बाल, नाखून और रक्त में मरकरी व सीसा की मौजूदगी मिली है। बच्चों में न्यूरोलॉजिकल विकार और महिलाओं में गर्भ संबंधी जटिलताएँ बढ़ रही हैं। ग्रामीणांचलों में फ्लोराइड युक्त पानी पीने से हजारों लोग प्रभाविकता हो रहे हैं और सैकड़ों लोग दिव्यांग हो रहे है। गर्भपात, दिव्यागता, कैंसर, पागल पन बढ़ रहा है। शुद्ध पानी और हवा और मिट्टी प्रदूषित होने से समस्या खड़ी हो रही है। 45 फीसदी जंगल क्षेत्र वाले जिले में फलदार वृक्ष और लाख विलुप्त हो रहे है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने यहाँ के प्रदूषण पर कई बार सख्त टिप्पणियाँ की हैं। उसने औद्योगिक इकाइयों को उत्सर्जन नियंत्रण, फ्लाई ऐश निस्तारण और शुद्ध पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। ह्यपोल्यूटर पे सिद्धांतह्व के तहत मुआवजे की भी सिफारिश हुई। फिर भी जमीनी हकीकत यह है कि न प्रदूषण घटा न लोगों का दर्द। ह्वजितनी जांचें हुईं, उतने ही आदेश आए, लेकिन कार्रवाई अधूरी रह गई,ह्व स्थानीय लोग कहते हैं। उन्होंने रिहंद और सोन नदियों में औद्योगिक प्रदूषण रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया और गाँव-गाँव जाकर जनजागरूकता फैलाई। उनके प्रयासों से कई गाँवों में शुद्ध पानी की आपूर्ति और प्रदूषण पर निगरानी की शुरूआत हुई।

### विशेषज्ञों की राय

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अब यह इलाका जनस्वास्थ्य आपदा की स्थिति में है। वे सुझाव देते हैं हर 2-3 वर्ष में वैज्ञानिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण हो। रियल-टाइम । फ्प् और जल गुणवत्ता डेटा सार्वजनिक किया जाए। प्रदूषण प्रभावित इलाकों में विशेष चिकित्सा इकाइयाँ स्थापित की जाएँ।

## ब्रह्मा जी की प्ररेणा से महर्षि बाल्मीकि ने लिखी रामायण



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर स्थित राजा शारदा महेश इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मौजूद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, डॉ0धर्मवीर तिवारी, अजीत चैबे आदि अतिथियों ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि रामायण महाकाव्य की रचना से संबंधित कथा के अनुसार, एक बार एक शिकारी ने प्रेम में मग्न क्रौंच पक्षी की हत्या कर दी। इस पर वाल्मिकी जी ने उस शिकारी को यह श्राप दिया कि ह्यहे निषाद, तुम्हें कभी शांति न मिले, क्योंकि तुमने क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डालाह्व। यह श्राप ही रामायण का पहला श्लोक बना। तब ब्रह्मा जी प्रगट हुए और उन्होंने वाल्मीकि जी को काव्य के रूप में भगवान श्रीराम के संपूर्ण चरित्र की रचना के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की। कार्यक्रम के उपरांत मौजूद लोगों द्वारा सहभोज में प्रतिभाग किया गया। जिसमें बाल्मीकि जयंती पर आए सभी व्यक्तियों को प्रसाद खिलाकर उनके जीवन पर आधारित विचारों के अनुसार चलने को संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, अनुपम त्रिपाठी, ध्रुव कांत द्विवेदी, आलोक रावत, अशोक भारती, संजय पासवान, संतोष भारती, आशा रावत, रजनीश रघुवंशी, सुनीता भारती आदि मौजूद रहे।

## रामलीला में पहले दिन मंचित हुआ नारद मोह

लालगंज, मीरजापुर। दूबार कला स्थित रामलीला मैदान मंगलवार की शाम भक्ति, संगीत और अभिनय के रंगों में रंग उठा। रामलीला के शुभारंभ अवसर पर मंचित नारद मोह प्रसंग ने दर्शकों को आस्था और नाट्यकला की अद्भुत यात्रा पर ले गया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति और संवादों ने कथा को जीवंत बना दिया। गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुए मंचन में नारद ऋषि के तपोबल, अहंकार और भगवान विष्णु द्वारा रचित माया-जाल का भावपूर्ण चित्रण हुआ। कथा के दौरान जब नारद अपने ही मोह में उलझते हैं और पश्चाताप करते हैं, तो दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। नारद की भूमिका निभाने वाले कलाकार नारायण नारायण-नारायण के उच्चारण से मंच को भक्ति रस में डुबो दिया। जबकि भगवान विष्णु का किरदार निभाने वाले युवा कलाकार ने गंभीर अभिनय से सबका मन जीत लिया। मंचन के दौरान संगीत, राग और आलाप की संगति ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। मंच सज्जा में पर्वतीय आश्रम, पुष्प तोरण और रंगीन रोशनी ने दृश्य प्रभाव को आकर्षक बनाया। रामलीला के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, सदस्य विष्णु सिंह, प्रमुख जयंत कुमार, भाजपा नेता जयप्रकाश उपाध्याय, प्रधान संजय मौर्य, तथा समिति सदस्य गुलाब सिंह, राजू सिंह और गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## चालक का ट्रक के केबिन में मिला शव

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र में घाटमपुर गांव क्षेत्र में एक ट्रक के चालक का शव उसके ट्रक के केबिन में मिला है। चालक को जिला अस्पताल पहुंचाए जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर चले गए। जिला अस्पताल प्रशासन ने इस आशय की सुचना मेमो भेज नगर कोतवाली पुलिस को दी है। अंबेडकरनगर के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र स्थित इल्तिफातगंज का रहने वाला 55 वर्षीय अनिल वर्मा पुत्र साधू वर्मा ट्रक चलाता था। वह सोमवार की रात सलारपुर रेलवे माल गोदाम पर खाद की रेक लोड करने अपनी ट्रक लेकर आया था। मंगलवार सुबह वह अपनी ट्रक के केबिन में कैंट थाना क्षेत्र के घाटमपुर गांव के पास बेहोशी की हालत में मिला। अनहोनी की आशंका पर अन्य ट्रकों के चालकों ने मामले की खबर पुलिस और ट्रक मालिक को दी। ट्रक मालिक सौरभ पाल ने सुबह सवा आठ बजे उसको जिला अस्पताल पहुंचाया तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजा गया है।

## तेज हवा व बारिस ने मचायी तबाही

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** जनपद के मया ब्लाक में तेज हवा व बारिस ने जमकर तबाही मचाई है ।सोमवार को रात्रि के लगभग तीन बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने लगी ।जिससे देवापुर,ईशापुर,लालगंज जैसे गांवों के किसानों के फसलों को काफी क्षति पहुंची है ।किसानों का कहना है कि काफी समय से बारिश ना होने के कारण गन्ने के खेत सुख गए थे ।अचानक तेज हवा व पानी से गन्ने की फसल गिर गयी,जिससे पैदावार प्रभावित होने की आशंका है ।देवापुर कोटवा के किसान कृपाशंकर सिंह ने बताया कि इस तरह की तेज हवा व बारिश से गन्ने की फसल को काफी नुकसान होता है ।फसल गिरने से उत्पादन कम हो जाता है और चूहे व सियार भी गिरी हुई फसल को अधिक क्षति पहुंचाते है ।प्रभावित किसानों में कृपाशंकर सिंह,सन्तोष सिंह,अमरेंद्र बहादुर,रामचन्द्र वर्मा व बसन्त वर्मा सहित सैकड़ो किसान शामिल है ।किसानों का कहना है कि एक तरफ जंहा गन्ने को नुकसान पहुंचा है तो वंही अन्य फसलो को बारिश से लाभ भी पहुंचा है।

## कोर्ट के निर्देश के बाद दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**सोहावल-अयोध्या।** एक प्रतिष्ठित अखबार से जुड़े पत्रकार एवं बड़ागांव निवासी लालजी तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मामला रौनाही थाना क्षेत्र का है। जहां अल्पसंख्यक समुदाय की तलाकशुदा महिला ने अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि घटना के दिन लालजी तिवारी ने मदद के बहाने देर शाम बड़ागांव स्थित केदार होटल में बुलाया और वहां दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर पत्रकार ने महिला के साथ मारपीट की और उसका घर गिरवाने की धमकी दी। महिला का कहना है कि प्रयास के दौरान उसे प्राइवेट अंगों पर गंभीर चोटें आईं। कोर्ट के निर्देश के बाद रौनाही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल रौनाही पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मेडिकल स्टोर संचालक लापता, पुलिस जांच में जुटी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मेडिकल स्टोर संचालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया हैं। 12 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने लापता युवक की बाइक बरई पारा सिधौना संपर्क मार्ग से बरामद की है। वहीं दूसरी ओर युवक के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है । हालांकि पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार, खण्डासा थाना क्षेत्र के अंजरौली पूरे बंदी छोर गांव निवासी 18 वर्षीय शुभम यादव पुत्र राम तीरथ यादव कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरब गांव में मेडिकल स्टोर चलाता है। सोमवार देर शाम वह अपना मेडिकल स्टोर बंद करके सिधौना बराई पारा संपर्क मार्ग से अपने घर अंजरौली जा रहा था। मार्ग पर स्थित नाला पुलिया के पास से उनकी बाइक परिवार के सदस्यों और पुलिस को बरामद हुई है, लेकिन शुभम यादव का कोई पता नहीं चल पाया है। शुभम यादव ने अपने मेडिकल स्टोर के बगल मोबाइल की दुकान चलाने वाले गोकुला गांव निवासी विनय कुमार को फोन पर बताया था कि ‌"आप लोग आ जाओ



नहीं तो हमें मार डालेंगे।" इसके बाद उनका फोन बंद हो गया था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवार के सदस्य पुलिस को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचे। हालांकि, वहां केवल मोटरसाइकिल मिली और शुभम यादव का कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चैधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से आसपास की जंगल झाड़ियों में तलाश की गई, लेकिन शुभम का कहीं कोई पता नहीं चल सका। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि एसओजी समेत कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं, जो शुभम यादव की तलाश में जुटी हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ भी कर रही है।

## बीसीपीएम ने डीएम से लगायी गुहार

**सोहावल-अयोध्या।** सीएचसी सोहावल से जुड़ी बीसीपीएम पद पर कार्यरत नेहा सिंह ने जिलाधिकारी से गुहार करते हुए अपने ऊपर की जा रही कार्रवाई को निराधार बताया है। स्वास्थ्य विभाग के एसपीएमयू लखनऊ अपर निदेशक अयोध्या और एमडी एनएचएम उत्तर प्रदेश को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए विभाग की इस महिला कर्मचारी का आरोप है की जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुशील कुमार बानियान द्वारा की जाने वाली धन उगाही को पूरा न करने के कारण इनके द्वारा मेरा उत्पीड़न किया जा रहा है।

## चार दिनों से बिजली सप्लाई बाधित, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कुशीनगर।** शासन स्तर से बिजली आपूर्ति में सुधार के निर्देश के बाद भी अधिकारियों और कर्मचारियों के मनमानी से जिले के कसया तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र गोपालगढ़ के सपहां फीडर के गाँव पोखरभिण्डा मे चार दिनों से बिजली नही आने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शुक्रवार रात्री से ही बिजली नही आने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बच्चों की पढ़ाई से लेकर घर के कार्य बिजली के अभाव में नहीं हो पा रहे हैं कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने बताया कि जिस दिन थोड़ी भी बारिश हो जाती है विभाग को बहाना मिल जाता है और बिजली कट जाती है रात्री मे यदि बारिश बंद भी हो जाता है तो बिजली 10 से 12 घंटे बाद ही आती है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है मोबाइल भी चार्ज नही हो पाता हैं। भोजन भी अंधेरे मे करना पड़ता है। ग्राम प्रधान रामनगीना प्रसाद पूर्व प्रधान इन्द्रदेव सिंह प्रेमी जी मदन सिंह हरिनारायण प्रसाद मारकण्डेय प्रसाद रमेश सिंह रिसभ सिंह उत्तर सिंह डा०प्रभुनाथ सिंह गौरीशंकर पाण्डेय योगेंद्र यादव सुभाष पाण्डेय रामनारायण पाण्डेय शिवसागर यादव टाइगर वीरबल यादव आदि लोगों ने बताया कि हमारे क्षेत्र का जो लाइनमैन है वह फोन ही नही उठाता है और समस्या कहाँ से है वह भी नही बताता है। यदि ऐसा ही रहा तो इस कटौती के विरोध मे जोरदार आन्दोलन किया जायेगा। इस संबंध मे जेईई योगेश गुप्ता ने बताया कि आंधी के कारण बिजली बाधित है, ठीक कराया जा रहा है जल्द ही सप्लाई सुरू कर दिया जायेगा।

## निषाद राज चौराहे के नाम से टेढ़ीबाजार चौराहा

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में एक बड़ा बदलाव हुआ है। टेढ़ी बाजार चैराहे का नाम बदलकर निषाद राज चैराहा कर दिया गया है। यह बदलाव बृहस्पति कुंड के उद्घाटन से पहले किया गया है, जिसका उद्घाटन कल 8 अक्टूबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी। निषाद राज चैराहे पर निषाद राज की प्रतिमा भी लगाई गई है। निषाद राज भगवान राम के अभिन्न मित्र थे और उन्होंने रामायण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बृहस्पति कुंड पर दक्षिण भारतीय महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाई गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे और निषाद राज चैराहे के नाम की आधिकारिक घोषणा करेंगे। निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद ने प्रदेश की योगी सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम अपने समस्त मछुआरे समुदाय की तरफ से सभी को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

## दीपोत्सव की सफलता के लिए कुलपति ने राम की पैड़ी पर किया पूजन-अर्चन



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दीपोत्सव-2025 को भव्य बनाने के लिए मंगलवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ मां सरयू का पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड बनेगा। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद का दूसरा दीपोत्सव भारतीय जनमानस सहित देश दुनियां के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिसे दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 19 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। कुलपति डॉ. सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में दीपोत्सव को और भव्य बनाने के लिए 26 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इस कार्य में आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से नवें दीपोत्सव में आठवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनेगा। इस दीपोत्सव पूजन कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव विनय कुमार सिंह मिश्र, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, का सु साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी, प्रो.गंगाराम मिश्र, प्रो.सुरेन्द्र मिश्र, अभियंता आरके सिंह, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ आरएन पांडे, अनुराग सोनी, प्रोग्रामर रवि मालवीय, कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह, आशीष मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिला सशक्तीकरण अभियान को दरोगा ने दिखाया ठेंगा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** प्रदेश सरकार जहां एक तरफ महिला सशक्तिकरण के फेज 5.0 का शुभारंभ करके महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर कुमारगंज थाने में तैनात नायब दरोगा द्वारा कार्यवाही के नाम पर महिला से ऐंठे गए 10 हजार रुपए वापस करने के नाम पर महिला को धमकाते हुए मुकदमें में फंसा देने की धमकी दे रहे हैं। जिसका ऑडियो भी वायरल हो चुका है। पीड़ित महिला ने कुमारगंज थाने में बेअंदाज दरोगा के खिलाफ शिकायत कर अपना पैसा वापस दिलाते हुए मनबढ़ दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बीट नंबर दो स्थित ग्राम पंचायत उधुई पूरे विंध्या पांडे निवासी महिला नीलम पांडे पत्नी शीतल प्रकाश पांडे ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके द्वारा बीते मार्च महीने में एक शिकायती पत्र कार्यवाही हेतु कुमारगंज थाने में दिया गया था जिसमें कार्यवाही के नाम पर थाने में तैनाद उप निरीक्षक नीरज चैरसिया ने महिला से 10 हजार रुपए ले लिए थे महिला का आरोप है कि उक्त दरोगा ने उनके विपक्षी से ज्यादा पैसे ले लिए और उसे धमकाते हुए सुलहनामे पर हस्ताक्षर करवा लिया था। कार्यवाही न होने पर महिला ने पैसा मांगना शुरू किया किंतु दरोगा ने आज तक उक्त महिला को उसका पैसा वापस नहीं किया। उल्टे दरोगा ने महिला को फोन पर धमकाया और कहा कि तुम्हारा ज्यादा दिमाग खराब हो गया है मैं हाई कोर्ट में हूं अभी वापस आकर तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखते हैं। दरोगा के धमकी भरे शब्द सुन महिला कांप उठी और वह तहरीर लेकर सीधे कुमारगंज थाने पहुंची। महिला ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त दरोगा के कारनामों के चलते उसका परिवार अब सुरक्षित नहीं रह गया है। थानाध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश ने बताया कि महिला का पैसा वापस कराया जाएगा।

## बाल्मीकि जयंती पर सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयंती पर सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर नपा कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित किया। नपाप अध्यक्ष श्रीमती किरन राकेश जायसवाल और ईओ अंकिता शुक्ला के निर्देशन में मंगलवार को आयोजित सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि रामायण महाकाव्य के रचनाकार थे। उन्होंने इस महाकाव्य के माध्यम से समाज को कर्तव्य, नैतिकता और अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। श्री तिवारी, प्रधान लिपिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, उग्रसेन, हरेंद्र यादव आदि ने सफाई मित्रों का माल्यार्पण किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुस्तफा अंसारी रास बिहारी श्रीवास्तव, संजय यादव, विजय कुमार यादव, साकेत गोविंद राव, अमन, राजन, जुनैद, रिजवान, मुन्ना, राजकुमार, नवनीत सहित सफाई मित्र मौजूद थे।

- **महर्षि बाल्मीकि ने कर्तव्य, नैतिकता और अध्यात्म का पढ़ाया पाठ: श्रवण तिवारी**

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विभिन्न मंदिरों में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कुशीनगर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पडरौना में जलकल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। बाल्मीकि द्वारा रचित रामायण अखंड पाठ एवं पूजा का विधिवत शुभारंभ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विनय जायसवाल एवं अधिशासी अधिकारी पडरौना तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।



इस अवसर पर गायक अंकुश तिवारी, विनय कुमार पांडे एवं वादक ईश्वर चंद्र मिश्रा द्वारा अखंड पाठ किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी मृत्युंजय दीक्षित, दिवाकर द्वारा पूजा प्रारंभिक रूप से किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित महिला पुरुषों तथा युवा उपस्थित रहे प्राचीन सभ्यता में रामायण ग्रंथ संस्कृत में रचयिताकर्ता भगवान महर्षि वाल्मीकि जी जो रत्नाकर डाकू से महापुरुष बनकर 12 वर्ष पूर्व भगवान राम के संपूर्ण जीवन का विस्तार से संस्कृत में उल्लेख वाल्मीकि जी ने किया था तथा अपने आश्रम में सीता माता तथा वाल्मीकि आश्रम में लव कुश द्वारा वहां की महायुद्ध भी रामचंद्र अयोध्या के श्री राम, लक्ष्मण, भरत , शत्रुघ्न द्वारा महायुद्ध वर्णित किया गया व सीता जी जीवित धरती माता के घर में विलीन हो गई थी। दिशा निर्देशानुसार समाज से बुराइयों को दूर कर अच्छाई का पाठ पढ़ाने वाले भागवान महर्षि बाल्मीकि जी के प्रेंरणा रामायण पुस्तक के दोहा तथा भगवान राम के जीवन पर उल्लेख का वर्णन पर विचार विमर्श किया गया। उक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त विकास खण्ड सेवरही में पंचमुखी हनुमान मंदिर में तथा कसया विकास खण्ड अंतर्गत मैनपुर कोट मंदिर में भी महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस दौरान पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, नगरपालिका परिषद के कर्मचारी गण सहित पडरौनावासी उपस्थित रहे।

## स्वदेशी संकल्प है आत्मनिर्भर भारत की नींव



**अयोध्या।** सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि "स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा" ये तीनों स्तंभ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, तो हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती (25 सितम्बर) से लेकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस (25 दिसम्बर) तक "आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान" चला रही है। इस विशेष अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। गोष्ठियों, प्रचार माध्यमों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कमलेश मिश्र ने कहा कि स्वराज ने हमें राजनीतिक स्वतंत्रता दी, अब समय है कि हम स्वदेशी के मार्ग पर चलकर आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना, ओडीओपी (वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट) तथा स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के उत्पादकों और कारीगरों को नई पहचान दे रही है। प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, अभिषेक मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, गन्ना चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, राधेश्याम त्यागी, शैलेन्द्र कोरी, हरभजन गौड़ तथा बब्लू मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया निरीक्षण पानी की टंकी को कराया सील, बनायी जांच कमेटी



**देवरिया।** जिले के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के पानी की टंकी में सोमवार को एक अज्ञात सड़ा हुआ शव मिलने के बाद खलबली मच गई थी। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों मस्कत के बाद शव को टैंक से बाहर निकाला और पीएम के लिए भेज दिया। हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नही हो पाई है। मंगलवार को डीएम दिव्या मित्तल मेडिकल कॉलेज पहुंची और स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी की टंकी को सील करा दिया और नाराजगी जताई। वही डीएम ने मौके पर ही चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन भी किया। इस जांच कमेटी में सीडीओ, सीआरओ, एसीएमओ और सीओ सदर को शामिल किया गया है। यह समिति दो दिन के अंदर पूरी रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल कमेटी ने मेडिकल कॉलेज के रिकॉर्ड रूम की छानबीन शुरू कर दी है। वही निरीक्षण के दौरान डीएम ने कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेश बरनवाल को कड़ी फटकार लगाई। गंभीर बात यह है कि इसी टंकी से मिलने वाले पानी का उपयोग भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों द्वारा किया जा रहा था। फिलहाल मेडिकल कॉलेज की मुख्य पानी सप्लाई बंद कर दी गई है और टैंकरों से पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा की पानी की टंकी को सील करा दिया गया है, और चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जो दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी करवाई की जायेगी।

## तामेश्वर मंदिर में वरदान ईश्वर नंदी महाराज का प्रथम जन्म उत्सव मना

**फतेहपुर।** बड़े हर्ष के साथ मनाया गया पिछले वर्ष 7 अक्टूबर 2024 को तबेश्वर मंदिर में विवादित चौराहे में वरदान ईश्वर नंदी महाराज की स्थापना भारतीय जनता पार्टी के पूरे परिवार के साथ किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहड़ी अपने पूरे परिवार के साथ तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल तथा पार्टी के सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर प्राण प्रतिष्ठा की थी इसी क्रम में आज 7 अक्टूबर 2025 को वरदान ईश्वर नंदी महाराज का जन्म उत्सव पूरे हर्षद उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभी भक्तों ने नंदी महाराज को उपहार के रूप में पुष्प तथा पैसे दिए गए जिसमें अजय सिंह रिंकू लोहारी जिला पंचायत सदस्य की माता ने नंदी महाराज को चांदी की घंटी उपहार के रूप में दी तथा सभी शिव भक्तों का सुबह 9:00 बजे से वरदानेश्वर मंदिर महाराज में एकत्रित होकर भाव दिव्या आरती की गई तथा सभी लोगों ने वार्ता ने ऐसा नंदी महाराज की पूजा अर्चना करने के बाद शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप गर्ग जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल अतुल त्रिवेदी मंडल प्रभारी विक्रम सिंह कार्यालय प्रभारी अमित शिव हरे कृष्णा मोर्चा अध्यक्ष विनोद गौतम विक्रम चंदेल स्वरूप राज सिंह जूली आदि प्रमुख रूप से रहे इस कार्यक्रम में अजय सिंह रिंकू लोहड़ी अपनी माता के साथ पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना की गई।

- **सभी भक्तों ने नंदी महाराज को उपहार के रूप में पुष्प तथा पैसे दिये**

## याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी रामनरेश कुशवाहा

**देवरिया।** स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद रामनरेश कुशवाहा ने पाखंडवाद और सामंतवाद से जहां मुखर हो आंदोलन चलाया वही उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को जमीन पर उतरने हेतु जीवन पर्यन्त संघर्ष किया,उक्त उद्गार रामनरेश कुशवाहा के स्मृतिदिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि श्री कुशवाहा ने सादगी के साथ जीवन जीते हुए समता और समानता के लिए संघर्ष करने की युक्ति बताई। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने राजनीति में रहकर युवाओं को रचनात्मक कार्यों को करने हेतु प्रेरित करने वाले नेता रामनरेश कुशवाहा को याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अयोध्या वर्मा, सुरेश नारायण, आदि उपस्थित थे।

## स्वदेशी मेला का आयोजन 9 अक्टूबर से

**कुशीनगर।** उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2025 की भांति 09 से 18 अक्टूबर 2025 के दौरान प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है, जिससे कि हस्तशिल्पियों कारीगरों /उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किए जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाइयों, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों को निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराए जाएंगे।

# स्वदेशी अपनाने की पहल आत्मनिर्भर भारत का भाग

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत के आर्थिक और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। जिसका लक्ष्य स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, नवाचार को प्रोत्साहन देना और भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। यह अभियान स्थानीय उत्पादों और कारीगरों पर गर्व करने की भावना पैदा करता है, जिससे देश आत्मनिर्भरता, समृद्धि और स्वाभिमान की ओर बढ़ता है। स्वदेशी अपनाने की पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा है। भारत अब किसी देश पर निर्भर नहीं रहेगा।




यह बातें भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने मंगलवार को कुशीनगर में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान आर्थिक स्वावलंबन की पहल नहीं बल्कि देश के स्वाभिमान का हिस्सा भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। भारत अब किसी देश पर निर्भर नहीं रहेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक बृहद कार्ययोजना तैयार किया गया है। इस क्रम में प्रदेश, जिला और मण्डल स्तर की कार्यशालाएं सम्पन्न हो चुकी है। 07 व 08 अक्टूबर को जिला स्तर पर प्रेसवार्ता आयोजित किए जाएंगे।16 से 30 अक्टूबर तक जिला स्तर पर युवा एवं महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 01 से 15 नवंबर तक जिला स्तर पर प्रोफेशनल सम्मेलन होंगे। 01 से 15 नवंबर तक ही कालेज स्तर पर स्वदेशी संकल्प सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। 16 से 30 नवंबर तक जिला स्तर पर स्वदेशी मेला लगाई जाएगी।16 से 30 नवंबर तक ही मण्डल स्तर पर युवा एवं महिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। 01 से 15 दिसंबर मण्डल स्तर पर स्ट्रीट वेंडर, छोटे दुकानदारों एवं स्थानीय कारीगर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। 01 से 25 दिसंबर तक जिला स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जिला संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द उपस्थित थे।

## किछौछा से बढ़नी तक प्रस्तावित बस का महकमे ने समय सारणी किया जारी

**अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बफार्नी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल की मेहनत रंग लाई ।क्षेत्रवासियों को जल्द ही परिवहन निगम के एक और बस की सौगात मिलने वाली है। प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह की संस्तुति पर महकमे ने मुस्लिमों के प्रसिद्ध दरगाह किछौछा से देवी पाटन मंदिर होते हुए बढ़नी(वाया-अकबर पुर, टांडा, महबूबगंज,गोसाईगंज,अयोध्या,गोंडा,बलरामपुर, तुलसीपुर) के बीच चलने वाली इस बस के ठहराव स्थल को चिन्हित कर समय सारणी जारी कर दी है ।बस संचालन की निरंतरता बनी रहे इसके लिए अकबरपुर डिपो पर तैनात अधिकारियों ने एक बस को सुबह 06 बजे बढ़नी से तथा दूसरी बस को साम सवा 06 बजे अकबरपुर से चलाने का निर्णय लिया है ।दोनों बसों का रात्रि ठहराव किछौछा एवं बढ़नी में सुनिश्चित किया गया है ।डिपो के जिम्मेदारानो ने निर्धारित मार्ग की किराया सूची बनाने के लिए संबंधित संस्था ओरियन प्रो लखनऊ को पत्र भेज दिया है ।माना जा रहा है कि जैसे ही संबंधित संस्था द्वारा किराया सूची निर्धारित की जाएगी वैसे ही विभाग बस का संचालन शुरू कर देगा ।इस बस के संचालन से क्षेत्र वासियों को किछौछा एवं देवी पाटन मंदिर दर्शन के लिए अब प्राइवेट वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। अकबरपुर डिपो पर तैनात सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हरि ओम श्रीवास्तव द्वारा सभासद श्रीमती जायसवाल को भेजे गए पत्र के अनुसार बढ़नी से सुबह 6 बजे छूटने वाली यह बस 7 बजे तुलसीपुर,08 बजे बलरामपुर, सवा 9 बजे गोंडा,साढ़े 11 बजे अयोध्या,1 बजे गोसाईगंज, दोपहर 2 बजे टांडा,पौने 3 बजे किछौछा पहुंच कर वापस पौने 4 अकबरपुर आयेगी तथा दूसरी बस साम सवा 6 बजे अकबरपुर से चलकर 7 बजे किछौछा, साढ़े 7 बजे टांडा,साढ़े 8 बजे गोसाईगंज,पौने 10 बजे अयोध्या,रात सवा 12 बजे गोंडा,डेढ़ बजे बलराम पुर,ढाई बजे तुलसीपुर एवं सुबह पौने 4 बजे बढ़नी पहुंचेगी।

संक्षेप

## छात्रा मानसी नायक बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



महरौनी (ललितपुर)। स्थानीय श्री सी बी गुप्ता इंटर कॉलेज महरौनी में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा विद्यालय की छात्रा मानसी नायक को एक दिन के प्रधानाचार्य पद का दायित्व सौंपा गया। छात्रा ने प्रधानाचार्य पद पर रहते हुए सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का सुझाव दिया छात्रा द्वारा गृह परीक्षा विभाग, बोर्ड परीक्षा विभाग आदि का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार गुप्ता, शिक्षक राकेश कुमार द्विवेदी, विजय बहादुर यादव, उमेश चंद, घनश्याम बिना, महेंद्र कुमार, पुनीत कुमार, श्रीमती पुष्पा यादव, पंकज जैन, बृज किशोर ,उपेंद्र कुमार ,धर्मेंद्र कुमार ,आजाद सिंह, वैभव सोनी, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार,बंटी, सौरभ,छोटू, धर्मदास आदि उपस्थित रहे।

## 13 माह से आउटसोर्सिंग कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

ललितपुर। जल संस्थान के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने 13 महीने का वेतन न मिलने पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बकाया वेतन भुगतान और दैनिक मजदूरी बढ़ाने की मांग की है। कर्मचारियों ने बताया कि वे वर्ष 2015-16 से ग्राम समूह पेयजल योजना ग्रामीण मथुरा डांग के तहत कार्यरत हैं। इन 11 कर्मचारियों में पंप ऑपरेटर, वॉल्व ऑपरेटर और लेबर शामिल हैं। उन्हें जल संस्थान द्वारा प्रति माह 5 हजार रुपये वेतन मिलता है। कर्मचारियों के अनुसार, उन्हें वर्ष 2020 से 2025 के बीच 13 महीनों का वेतन नहीं मिला है। वर्तमान में उन्हें प्रतिदिन 166 रुपये के हिसाब से भुगतान हो रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि उनकी दैनिक मजदूरी बढ़ाकर मनरेगा के अनुरूप 253 रुपये प्रतिदिन की जाए। साथ ही, उनके 13 माह के बकाया वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपते समय करन सिंह, राजा जी, एसपी सिंह, गोविंद दास, साहब सिंह, जगदीश, सुखलाल, खेमचंद, बीपी राजा और मन्तराम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कीचड़ में तब्दील हुयीं सड़कें, जनसम्पर्क में व्यवधान

ललितपुर। सोमवार को देर शाम हुयी मूसलाधार बारिश के बाद से शहर की अधिकांश सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गयी हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना और चैक पड़ी नालियों के कारण अब प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार-प्रसार में भारी व्यवधान उत्पन्न कर सकती हैं। लिहाजा अब प्रत्याशी ऐसे वार्डों का चयन कर रहीं हैं, जहां सड़कें रात भर में सूख गयी हों, या फिर वहां से जल निकासी हो गयी हो। हालांकि सत्तापक्ष के लिए यह काम आसान नजर नहीं आ रहा है, जबकि विपक्ष को बैठे-बैठे ही यह एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। गौरतलब है कि सोमवार की देर रात करीब 9 बजे के बाद शहर में तेज बारिश हो गयी। तेज हवा और मूसलाधार बारिश ने रात भर में ही शहर का नक्शा बदलकर रख दिया। शहर में जगह-जगह सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गयीं तो वहीं दूसरी ओर अधिकांश स्थानों पर जल निकासी न होने के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयीं हैं। खास तौर से जिन गलियों में पाइप लाइन डालने का काम संचालित हैं, वहां लाइन डालने के लिए खोदे गये गड्ढे और उनसे निकली मिट्टी लोगों की परेशानियां बढ़ाने में सहायक नजर आ रहीं हैं। गौर करने वाली बात तो यह है कि इसी समय नगर पालिका परिषद के उप चुनाव की प्रक्रिया प्रचलित है, जिसमें सत्तादल, मुख्य विपक्ष और निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लेकिन बारिश होने के कारण शहर के मोहल्ला जुगपुरा, नेहरूनगर, गोविन्दनगर, रावतयाना, समेत कई ऐसे वार्ड हैं, जहां कच्ची सड़कें हैं और यह सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गयीं हैं। अब प्रत्याशी कीचड़ से भरी गलियों से होकर मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रहीं हैं।

# देहदान तराशेगा भविष्य के कुशल चिकित्सक

### जिले की प्रथम देहदानी बोधिसत्व शांति साहू की प्रथम पुण्यतिथि मनायी



ललितपुर। जिले की पहली देहदानी बोधिसत्व शान्ति साहू की प्रथम पुण्यतिथि को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन मेडीकल कालेज की नवनिर्मित बिल्डिंग के आठवें तल पर स्थित विशाल सभागार में मनाया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम जिले की पहली देहदानी बोधिसत्व शान्ति साहू के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित करते हुये नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गयी। तो वहीं उनके नाम से संचालित ट्रस्ट का भी प्रथम स्थापना दिवस मनाते हुये ट्रस्ट डीड का विमोचन किया गया। पुण्यतिथि अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक खुशालचंद्र साहू ने रूपरेखा रखते हुये लोगों से आह्वान किया कि अंगदान, देहदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कहा कि अंगदान से दूसरों को जीवन मिल सकेगा और देहदान से भविष्य के कुशल चिकित्सक बनने की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर 37 व्यक्तियों ने देहदान की घोषणा की है और संकल्प पत्रों को जमा किया गया, इसमें ट्रस्ट संस्थापक परिवार के आठ संकल्प पत्र साझा हैं, जो जमा हुए। वहीं महरौनी से विधायक रहे फेरनलाल अहिरवार के परिवार से तीन संकल्प पत्र भरकर जमा किये गये। पुण्यतिथि अवसर पर ही 61 देहदानियों को प्रिविलेज कार्ड दिये गये। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अमनदीप डुली के प्रतिनिधि बनकर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मेडीकल कालेज के प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह ने भी संबोधित करते हुये देहदान व अंगदान के कार्यों को मानवता की एक बड़ी मिशाल बताया। कहा कि राष्ट्रनिर्माण में महादानियों द्वारा उठाये गये इस कदम से महत्वपूर्ण योगदान मिल सकेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, उप प्रधानाचार्य डा.श्रुति सिंह, मैनेजर डा.नंदलाल, अध्यक्ष महेंद्रप्रताप सिंह बुंदेला, महामंत्री राजपाल सिंह फौजी, संयोजक ज्योतिसिंह लोधी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डा.शिशुपाल सिंह, ट्रस्टी रामस्वरूप पटेल, अनिल साहू, उपाध्यक्ष परवेज पठान, अखिलेश साहू, श्यामबिहारी शिक्षक, आशीष साहू, भरत सिंह, मयंक पटैरया आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट में पीटीएम का हुआ आयोजन



ललितपुर। श्री मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट ललितपुर में सोमवार को पीटीएम का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एसडीएम तालबेहट अभिजीत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रबंध समिति सदस्य मनोहर लाल शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य नवलकिशोर बिलगैया और प्रधानाचार्य राम प्रकाश अनंत ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन और सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह ने कहा बच्चे की सफलता के लिए माता पिता का अनुशासन सबसे जरूरी चीज है। क्योंकि माता पिता ही सबसे बड़े गुरु होते हैं। इसके लिए उन्होंने घर के माहौल को बदलने की बात पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में सभी शिक्षकों को मन से अध्यापन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीटीएम में अभिभावकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिन्होंने समय पर पहुंचकर चर्चा में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उनके व्यवहार, सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उनकी भागीदारी और सामाजिक कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान अभिभावकों को उनके बच्चे की ताकत और जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, उनके बारे में भी अवगत कराया। प्रबंध समिति सदस्य और अधिवक्ता मनोहर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति जानने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों से नियमित वार्ता करें। उन्होंने नियमित उपस्थिति और घर पर सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करने में माता-पिता की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान छात्रों के भावनात्मक और सामाजिक विकास में सहायता के लिए अभिभावकों के साथ कुछ सुझाव भी साझा किए गए।

# सूदखोर के आतंक से त्रस्त बुजुर्ग महिला ने लगायी फांसी

- दो लाख लेकर वृद्ध दम्पत्ति चुका रहा था दस लाख
- कब्जा कर ली थी वृद्ध की जमीन

ललितपुर। जनपद में सूदखोरों का जाल कुछ इस तरह से फैला हुआ है, कि जो व्यक्ति भी इनके चक्कर में इक बार फंसा, वह कभी बाहर नहीं निकल पाता है। सूदखोरों के आतंक और उत्पीड़न से तंग आकर अनेकों लोग आत्महत्याएं कर चुके हैं, कुछ कंगाल हो गये, जिन्होंने एक लाख रूप्या लिया उनको दस से पन्द्रह लाख भुगतने पड़े फिर भी वह सूदखोरों के उत्पीड़न से नहीं बच सके। ऐसा नहीं है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस को कुछ जानकारी नहीं हो, पीड़ित आते पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के कार्यालयों में अपने आंसुओं से सराबोर प्रार्थना पत्र लेकर आते हैं, लेकिन उनके प्रार्थनों पत्रों को अधिनस्थ ही लेकर उनको चलता कर देते हैं। सूदखोरों के विरूद्ध अभी तक जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कोई बड़ी कार्यवाही न होने से उनके हौंसले बुलंद हैं और वह एक रूपया का सौ रूपया बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। मामला महरौनी तहसील के ग्राम पठाविजयपुरा का है। जहां के एक दम्पत्ति ने एक सूदखोर सोनी से आवश्यकता पडने पर दो लाख रूपया उधार लिया था, सूदखोर उनकी जमीन गिरवी रखकर दो लाख दे दिया, बाद में उसने वृद्ध दम्पत्ति का ऐसा शोषण किया कि दो लाख रूप्ये के दस लाख रूप्या वसूल लिये और जमीन पर कब्जा कर लिया। वृद्ध दम्पत्ति बार-बार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के चक्कर लगाता रहा और न्याय की भीख मांगता रहा लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। गांव के एक सूतखोर (सूदखोर) के चंगुल में फंसे बुजुर्ग दंपति पिछले तीन दिनों से अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई न्याय नहीं मिला।

सूत्रों के अनुसार, सूदखोर ने कर्ज के नाम पर उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की। परेशान होकर जब बार-बार न्याय की गुहार लगाने पर भी कोई सुनवाई नहीं होने से वृद्ध की करीब 60 वर्षीय पत्नी जगरानी ने मंगलवार की सुबह कब्जाग्रस्त हुये खेत पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी सूदखोर सोनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भारतीय मजदूर संघ ने किया संगठन का विस्तार




महोबा। भारतीय मजदूर संघ ने मजदूरों के हितों की रक्षा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने संगठन का विस्तार किया है। इसी क्रम में जिले के कबरई विकासखंड स्थित ग्राम टीकामऊ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल कश्यप ने ट्रक चालक संघ के लिए कुलदीप का माल्यार्पण कर प्रभारी नियुक्त किया और दिहाड़ी मजदूर संघ के दयाशंकर को संगठन मंत्री उमेश सक्सेना माल्यार्पण कर नई जिम्मेदारी सौंपी है। इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन जमीनी स्तर पर मजदूरों को संगठित कर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना चाहता है।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला बिस्तारक आशीष सिंह ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पहाड़ खदान में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में मजदूरों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और भामस इन चुनौतियों से निपटने में उनका साथ देगा। उन्होंने बताया कि नई नियुक्तियां मजदूरों के अधिकारों को मजबूत करने और उनके कार्यस्थल पर बेहतर माहौल बनाने में सहायक होंगी। बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी इस निर्णय का स्वागत किया।

## लखनऊ रैली में जायेंगे ललितपुर से बसपा कार्यकर्ता

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली रैली की तैयारियों में जुटे हैं। जिलाध्यक्ष अमन संतोष के नेतृत्व में ललितपुर स्थित बसपा कार्यालय में रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई जा रही है। इस रैली में ललितपुर से 10 हजार से अधिक कार्यकताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

# भगवान श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक



बहराइच। सोमवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में लंका में रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता सहित अयोध्या वापस आये। इस दौरान सीमा पर भाई भरत ने भगवान राम और सीता का भव्य स्वागत किया तथा देवताओं ने इस दौरान पुष्प वर्षा की। उसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन बिसातखाना परिसर में हुआ। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान राम का राजतिलक कर पुष्प वर्षा की।बहराइच में 14 दिवसीय श्रीराम लीला महोत्सव कार्यक्रम के तहत सोमवार की रात नगर के बिसातखाना पंडाल में माता सीता सहित भगवान श्रीराम का राजतिलक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों की ओर से किया गया।राज्याभिषेक में प्रथम तिलक ‟वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयुष दीन्हा” चौपाई के साथ पहला तिलक वशिष्ठ मुनि ने लगाकर राजगद्दी भगवान राम को सौंप दी।कार्यक्रम में बरेली से आये कलाकारों की ओर से लीला का मंचन किया गया। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन एवं कीर्तन का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,संतोष अग्रवाल,जितेन्द्र अग्रवाल,राहुल रॉय, कमल शेखर गुप्ता,राकेश मित्तल,राज कमल गुप्ता,दीपक सोनी दाऊ जी,देवकुमार रस्तोगी,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,नन्हे लाल लोधी,विनय जैन,सुरेश गुप्ता,आनंद गुप्ता, के के सक्सेना,अंशुमान यज्ञसैनी,सुशील कुमार,एस पी मिश्रा,पुष्प नाथ तिवारी,मनोज मिर्ची, अजय सिंह,वासु साहू,राहुल दीक्षित, के के मिश्रा,अशोक सैनी,सिद्धार्थ सिंह,राजीव सिंह,जगदम्बा सोनी,निशा शर्मा,मंजुला पाठक सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

## महिला सफाई मित्रों को मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर पंचायत में किया सम्मानित



स्योहारा, बिजनौर। नगर पंचायत सहसपुर के कार्यालय में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के उपलक्ष में महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत सहसपुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन पति समाजसेवी अमजद अली ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में महिला सफाई मित्रों ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेयरपर्सन पति समाजसेवी अमजद अली, सभासद डॉ वकील अहमद, मौ0 अंसार, शाहिद अली, समाजसेवी, नौशाद अली एंव प्रधान लिपिक सलमान अली सहित नगर पंचायत सहसपूर का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र में पतवन गांव के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार अजय निषाद 25 की ई-रिक्शा से टकराकर घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गयी। मरका थाना क्षेत्र के बैरक गांव निवासी अजय निषाद पुत्र गयाचरन निषाद सोमवार की देर शाम बहनोई को बबेरू छोड़कर घर लौट रहा था। पतवन गांव के पास उसकी बाइक ई-रिक्शा से टकरा गयी। दुर्घटना की जानकारी होने पर राहगीरों ने एंबुलेंस को बुलाया, कुछ देर बाद एंबुलेंस कर्मचारियों ने गंभीर रूप से घायल अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बबेरू में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती पर संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम




बहराइच। शरद पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शारीरिक बौद्धिक कार्यक्रम किए गए। मध्य रात्रि खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह शिवम नारायण ने किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने कहा कि शरद पूर्णिमा में मन निर्मल, विचार शांत और हृदय प्रेम पूर्ण होता है। शरद पूर्णिमा की चांदनी अमृत के समान मानी जाती है। इस रात्रि में चंद्र किरणों में औषधीय और ऊर्जा तत्व होते हैं इसीलिए प्राचीन काल से भारत में वैद्य औषधियो को शरद पूर्णिमा की रात बाहर रखते है जिससे उन औषधियो में अमृत तत्व आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन महर्षि वाल्मीकि जी की जन्म जयंती भी है महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा महाकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को धर्म और ज्ञान की शिक्षा दी गई जो सभी के लिए अनुकरणीय है। महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें सिखाता है कि मनुष्य कर्म और साधना से महान बनता है। उनकी जीवन यात्रा अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से आत्मबोध की ओर बढ़ने का प्रेरक उदाहरण है।इस अवसर पर नगर संचालक डॉक्टर गोविंद शेखर, जिला कुटुंब प्रबोधन संयोजक अर्जुन कुमार दिलीप, जिला प्रचार प्रमुख विपिन, उत्तम सिंह,पवित्र, प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह जितेंद्र बाजपेई आदि मौजूद रहे

## जनपद में हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गई बाल्मीकि जयन्ती



बहराइच। जनपद में महर्षि बाल्मीकि जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के तत्वावधान में जनपद में स्थित बाल्मीकि मन्दिरों, श्री राम व श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों/मन्दिरों पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृत रामायण महाकाव्य के सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों विषयक भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अलावा मन्दिरों पर बाल्मीकि रामायण पाठ एवं भजन आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। सांस्कृतिक विभाग की ओर से भेजे गये सांस्कृतिक दलों दुर्गमेश्वरी सेवा संस्थान, राम शंकर मौर्या एण्ड पार्टी तथा कमलेश व सन्तोष पाण्डेय एण्ड पार्टी द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम की प्रस्तृति की गई। महर्षि बाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर बड़ीहाट व बेड़नापुर स्थित बाल्मीकि मन्दिर, मरी माता मन्दिर, गुल्लाबीर माता मन्दिर, श्री बालाजी हनुमान मन्दिर लीलापुरवा दहौरा, हनुमान मन्दिर कोट बाजार, बैरिया मन्दिर पुलिस लाईन, ब्लाक गेट के सम्मुख रामलीला मैदान, बाल्मीकि मन्दिर नानपारा, हुजूरपुर स्थित हनुमान मन्दिर व बाल्मीकि मन्दिर, रामलीला मैदान के निकट रिसिया बाजार, हनुमान मन्दिर बेरिया खलीलपुर, समयमाता मन्दिर लक्ष्मनपुर मटेही व अष्टभुजा मन्दिर नानपारा देहात, जंगलीनाथ मन्दिर शिवपुर, मंगलीनाथ मन्दिर रामनगर सेमरा, परमहंस कुट्टी बाबागंज, बाल्मीकि मन्दिर जरवल कस्बा, शिव मन्दिर ग्राम पंचायत सोहनी व देवी मन्दिर कारीकोट सहित अन्य मन्दिरों पर विविध आयोजन किये गये जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जांच टीम ने पकड़ी प्रतिबंधित प्लास्टिक, लगाया जुर्माना



बांदा। शासन के निर्देश पर प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक लगाए जाने के लिए नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद के नेतृत्व तथा पुलिस टीम ने शहर में कई दुकानों में जांच का अभियान चलाया। टीम ने बलखंडीनाका चैराहा, मुख्य बाजार, गूलरनाका में दुकानों और प्रतिष्ठानों में जांच के दौरान 5 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन, प्लास्टिक के ग्लास जब्त किए तथा विक्रेताओं पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। जांच टीम ने भविष्य में यह पुनरावृत्ति करने पर जुमार्ना लगाए जाने की कड़ी चेतावनी दी। इस अभियान में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, देवेन्द्र, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय अभिषेक खरे, गौरव श्रीवास्तव, मनीष, विकास, सफाई नायक राजाराम, और नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी शामिल रहे। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद जिले में प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिक्री पर रोक लगाए जाने के लिए अभियान चलाता रहा है। ताकि लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिक्री न हो।

## वाल्मीकि जयंती पर जिले भर में कार्यक्रम




बांदा। महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर जिले में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद के सहयोग से शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर तथा अन्य मंदिरों में सुन्दर काण्ड व भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गये। संकट मोचन मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान सूचना जन संपर्क विभाग से पंजीकृत बलराम यादव और लोकगीत पार्टी ने सुंदरकाण्ड का पाठ तथा रामचरित मानस व भजन-कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आर के रावत के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकट मोचन मंदिर के पुजारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कस्बा अतर्रा, नरैनी, तिंदवारी तथा बबेरू में भी महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। शासन के निर्देश पर महर्षि वाल्मीकि रामायण के अखण्ड पाठ व कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर जिला, तहसील एवं विकासखंड स्तरीय समितियों का गठन किया गया था। जिला स्तरीय समिति में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष, नोडल अधिकारी, एडीएम, एएसपी, बीपीआरओ, जिला सूचना अधिकारी सदस्य तथा उप निदेशक पर्यटन को सदस्य, सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया था।

## विजयी प्रतिभागियों को एएसपी ने दिए पुरस्कार



बांदा। महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में सघन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस लाइन ग्राउंड में महिला पुलिसकर्मियों व बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें महिला पुलिस कर्मियों, महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। 50 मीटर बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में अनाया प्रथम, आयुष द्वितीय तथा कृष्णा को तृतीय स्थान मिला। 100 मीटर की दौड़ में निष्ठी प्रथम, उर्मी द्वितीय तथा प्रसिद्धि को तृतीय स्थान मिला। 1600 मीटर की दौड़ में ईसिता प्रथम, साक्षी द्वितीय तथा साक्षी, द्वितीय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 1600 मीटर महिला पुलिसकर्मियों की दौड़ में महिला आरक्षी आंकाक्षा पाण्डेय प्रथम, महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा द्वितीय तथा महिला उप निरीक्षक रेनू शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में सोना यादव प्रथम, अनीता व पूजा द्वितीय तथा रेखा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता जीतने वाली सभी महिला पुलिसकर्मियों, महिलाओं व बच्चों को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुरस्कृत किया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक, जिला क्रीड़ा अधिकारी कल्पना, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान के अंतर्गत विवेक कॉलेज बिजनौर में आयोजित महिला जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विवेक कॉलेज बिजनौर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय धर्मनगरी बिजनौर की छात्राओं ने बाल विवाह की थीम पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सन्देश दिया कि कम उम्र में बालिकाओं का विवाह करना एक अभिशाप है, आज समाज में बदलाव की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जादूगर द्वारा जादू शो के माध्यम से शासकीय योजना एवं कार्य कर्मों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की जिलाधिकारी एवं अन्य महिला अधिकारियों द्वारा महिलाओं की गोद भराई एवं शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया गया। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं के साथ विधिक जागरूकता अभियान के तहत आयोजन कर महिलाओं वाले गांव एवं बच्चों के अधिकारों एवं कानूनों के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी व आईसीडीएस विभाग, एनआरअलएम विभाग, हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम, वन स्टॉप सेंटर टीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## गन्ना व धान की फसलों को बारिश का हुआ नुकसान



अफजलगढ़, बिजनौर। मौसम का अचानक मिजाज बदलने के बाद तेज हवाओं और बारिश के कारण तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। बारिश के साथ तेज आंधी से जगह-जगह वृक्ष टूटकर धराशाई हो गए। साप्ताहिक बाजार में फड़ दुकानदारों का काफी नुकसान हो गया एवं खरीदारी करने आए ग्राहकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जनपद भर में बीते दिन अचानक ही मौसम के तेवर बदल गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। तेज हवा और बारिश के कारण क्षेत्र में तैयार खड़ी गन्ना व धान की फसले गिर जाने के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा तथा दिन में ही अंधेरा छा गया। तेज हवाओं के कारण सड़कों के किनारे खड़े होल्डिंग टूट कर हवा में उड़ने लगे। क्षेत्र में भारी मात्रा में पेड़ टूट कर सड़कों पर गिर पड़े, जिस कारण कई स्थानों पर यातायात भी बाधित हुआ। गनीमत यह रही की कोई जनहानि नहीं हुई। नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में फड़ दुकानदारों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

